# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, गुरुवार 12 दिसंबर 2024


रिजल्ट

## सिविल जज परीक्षा की टॉप टेन में श्वेता अव्वल

*रायपुर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने सिविल जज का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। टॉप टेन की लिस्ट में 7 लड़कियां शामिल हैं। इसमें श्वेता दीवान पहले नंबर पर हैं। दूसरे नंबर पर महिमा शर्मा, तीसरे नंबर पर निखिल साहू, चौथे पर प्रिय दर्शन गोस्वामी, पांचवे स्थान पर आयुषी शुक्ला, छठवां स्थान भामिनी राठी, सातवें नंबर पर नंदिनी पटेल, आठवां स्थान आरती ध्रुव, नौंवे स्थान पर अदिति शर्मा और दसवां स्थान द्विज सिंह सेंगर ने हासिल किया है।*






### खबर संक्षेप

## बदहाल सड़कों को लेकर कोर्ट खफा

**बिलासपुर।** प्रदेशभर की बदहाल सड़कों पर स्वतः संज्ञान व जनहित याचिकाओं पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान रायपुर के धनेली से सड्डू, जोरा तक जाने वाली सड़क के कार्य को लेकर नाराजगी जताई है। वहीं बिलासपुर के सेंदरी बाईपास के काम को लेकर एनएच प्रबंधन से शपथ पत्र में जवाब मांगा है। हाईकोर्ट में इस मामले में सुनवाई दौरान प्रदेश सरकार की तरफ से महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत और उपमहाधिवक्ता यशवंत ठाकुर ने पक्ष रखा। महाधिवक्ता ने बताया कि शेष पेज 4 पर

# महादेव सट्टा एप किंग सौरभ और रवि ने दुबई में पंडित प्रदीप मिश्रा से सुना शिवमहापुराण



- सपरिवार कथा में नजर आए महादेव एप के दोनों प्रमोटर, दुबई में 9 दिसंबर से 11 दिसंबर तक आयोजन
- दुबई के ले मेरेडियन होटल एंड कॉन्फ्रेंस सेंटर में आयोजित की गई, चैनल पर प्रसारण भी किया गया

*ऑनलाइन सट्टा एप महादेव बुक के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के बारे में खबर थी कि उन्हें दुबई में गिरफ्तार कर लिया गया है। इंटरपोल के जरिए दोनों को गिरफ्तार करने के साथ ही यह खबर भी उड़ाई गई कि दोनों ने एक अज्ञात देश की नागरिकता ले ली है, लेकिन इसके उलट एक सनसनीखेज खबर आई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/भिलाई

खास खबर

खबर यह है कि सौरभ चंद्राकर से लेकर उनका पूरा परिवार दुबई में है। सौरभ चंद्राकर शिवमहापुराण की कथा करा रहे हैं। जिसमें ऑनलाइन सट्टा एप के अन्य प्रमोटर भी नजर आ रहे हैं। उनके साथ भिलाई-रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के अन्य लोग भी नजर आ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा चल रही है। जिससे सभी सुन रहे हैं। एक धार्मिक चैनल में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा का लाइव प्रसारण किया जा रहा है। जिसमें सौरभ चंद्राकर से लेकर उसका भाई गीतेश चंद्राकर और पूरा परिवार नजर आ रहा है।

सूत्रों के अनुसार 9 दिसंबर से 11 दिसंबर तक दुबई में कथा का आयोजन किया गया। यह कथा दुबई के ले मेरेडियन होटल एंड कॉन्फ्रेंस सेंटर एयरपोर्ट रोड गरहौद में आयोजित की गई। इसमें कुछ ही चुनिंदा लोगों शेष पेज 4 पर




### हरिभूमि ने ही खोला था महादेव एप का राज

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने महादेव सट्टा एप के माध्यम से हजारों युवाओं को जोड़ने और हजारों करोड़ रुपए का कारोबार करने की खबर प्रकाशित की थी। शेष पेज 4 पर

**हरिभूमि के पास है फोटो और वीडियो:** दुबई की फोटो और वीडियो हरिभूमि के पास है। इस फोटो-वीडियो में सौरभ चंद्राकर नजर आ रहे हैं। उनके भाई गीतेश चंद्राकर और उनके माता-पिता और पत्नी नजर आ रहे हैं। वहीं सौरभ चंद्राकर का प्रमोटर साथी रवि उप्पल और उसके भाई व पत्नी भी नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में भिलाई-दुर्ग के रहने वाले लड़के भी नजर आ रहे हैं जो दुबई में रहकर ऑनलाइन सट्टा एप ऑपरेशन में भूमिका निभा रहे हैं।


हरिभूमि ने खोला सट्टे का राज, तोता बता रहा है रेट से मिली आईडी, रोजाना 60 से 70 खोखे का खेल

रायपुर में यहां चल रहा दांव

बिलासपुर से जुड़े दिल्ली और दुबई




### पुलिस ने साधी चुप्पी

छत्तीसगढ़ पुलिस को भी सट्टा किंग के दुबई में महाशिव पुराण कराने और सपरिवार शामिल होने की खबर है। लेकिन मामला ईडी और सीबीआई से जुड़ा होने के कारण पुलिस इस मामले में चुप्पी साधकर बैठ गई है। ईडी ने भी इस मामले में अब तक कोई बयान जारी नहीं किया है। लेकिन महादेव सट्टा एप से जुड़े लोगों में वीडियो की जमकर चर्चा है। साथ ही कानून का मजाक भी उड़ाया जा रहा है।



पत्नी के साथ सौरभ चंद्राकर

**बड़ा सवाल**


### सौरभ तो गिरफ्तार हुआ था तो कथा कैसे सुन रहा?

ये सबसे बड़ा सवाल है कि सौरभ चंद्राकर गिरफ्तार हुआ था कि नहीं...? क्योंकि पिछले दिनों यही खबर आई थी कि सौरभ चंद्राकर गिरफ्तार हो गया दुबई से। इंटरपोल द्वारा गिरफ्तारी की बात सामने आई थी। वहीं भारत सरकार द्वारा सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल को भारत लाने की शेष पेज 4 पर




## खबर संक्षेप

### ईडी-सीबीआई जांच से सिसोदिया को बड़ी राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बड़ी राहत दी है। शीर्ष अदालत ने सिसोसिया से हर सप्ताह दो बार सीबीआई और ईडी के जांच अधिकारियों के सामने पेश होने की शर्त हटा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त में आम आदमी पार्टी के नेता को 17 महीने जेल में गुजारने के बाद रेगुलर जमानत देते समय उन पर शर्त लगाई थी। कोर्ट ने सिसोदिया को यह राहत दिल्ली के कथित शराब घोटाला में दी है। मनीष सिसोदिया ने हाल ही सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर जमानत की शर्तों में ढील देने का अनुरोध किया था।

### पत्रकार पर हमला, एक्टर मोहन बाबू पर केस दर्ज



**हैदराबाद।** दिग्गज तेलुगु अभिनेता मोहन बाबू पर 11 दिसंबर को केस दर्ज किया गया है। दरअसल, बीते दिन यानी मंगलवार, 10 दिसंबर, 2024 की शाम को मोहन बाबू पर रंगारेड्डी जिले के जलपल्ली में अपने आवास पर एक पत्रकार पर हमला करने का आरोप लगाया गया। यह घटना शाम करीब 7:50 बजे हुई, जब पत्रकार अन्य मीडिया कर्मियों के साथ अभिनेता और उनके बेटे और अभिनेता मांचू मनोज के बीच चल रहे विवाद को कवर कर रहे थे। मोहन बाबू ने मंगलवार को हैदराबाद में अपने घर पर संपत्ति विवाद को लेकर तनाव और ड्रामा के बीच एक मीडियाकर्मी पर हमला किया।

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से परिवार ने लगाई गुहार

# देशभर में सुर्खियां बना इंजीनियर का सुसाइड, इंसाफ की उठी मांग


*बेंगलुरु में इंजीनियर की आत्महत्या का मामला देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। इस मामले में अब इंजीनियर अतुल सुभाष के परिवार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी से गुहार लगाई है। मृतक के परिवार का कहना है कि भारत में सारे कानून सिर्फ महिलाओं के लिए बने हुए हैं। यहां पुरुषों के लिए कोई कानून ही नहीं है। इधर, मृतक इंजीनियर के ससुराल पक्ष ने भी बाकायदा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले में खुद को निर्दोष बताया है। दिवंगत अतुल की सास का कहना था, 'अतुल ने फ्रस्टेशन में सुसाइड किया है।'*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंजीनियर अतुल सुभाष के परिवार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी से गुहार लगाई है। मृतक के परिवार का कहना है कि भारत में सारे कानून सिर्फ महिलाओं के लिए बने हुए हैं। अतुल के भाई विकास का कहना है कि भारत में पुरुषों के लिए कोई कानून ही नहीं है। मेरे भाई से अलग होने के करीब 8 महीने बाद उसकी पत्नी ने तलाक का केस फाइल किया। उसने मेरे भाई और पूरे परिवार के खिलाफ तरह-तरह के आरोप लगाए। मेरा भाई इन सबसे लड़ता रहा लेकिन आखिर में वह हार मान गया। वहीं, अतुल के पिता पवन कुमार ने कहा कि उनके बेटे ने बताया था कि मीडिएशन कोर्ट वाले कानून के मुताबिक काम नहीं करते। उसे बेंगलुरु से जौनपुर कम से कम 40 बार जाना पड़ा था। उसकी पत्नी उसके खिलाफ एक के बाद एक आरोप लगाती ही जा रही थी। इन सबसे वह अवसाद का शिकार हो गया था। हमारे बेटे ने सिस्टम के सामने लाचार होने के बाद अपनी जान दे दी।

**कानूनी प्रक्रिया पर उठे सवालिया निशान**

**कहा जा रहा भारत में सारे कानून सिर्फ महिलाओं के लिए**



### ये है मामला

गौरतलब है कि मूल रूप से यूपी निवासी अतुल सुभाष का शव बुधवार को बेंगलुरु में उनके फ्लैट से बरामद हुआ था। अतुल के परिवार की शिकायत पर पुलिस ने उनकी पत्नी और ससुरालवालों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। एफआईआर में अतुल की पत्नी निकिता सिंघानिया, सास निशा सिंघानिया, साले अनुराग सिंघानिया और चाचा ससुर सुशील सिंघानिया का नाम है। अतुल ने अपने 24 पेज के सुसाइड नोट में अपनी पत्नी और ससुराल के अन्य तीन लोगों पर कानून का दुरुपयोग कर उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने जज रीता कौशिक पर भी मामला सेटल करने 5 लाख रुपये की घूस मांगने का आरोप लगाया था।

### ससुराल पक्ष ने कहा- अतुल ने अपना फ्रस्ट्रेशन निकाला है

इस मामले में जौनपुर में रहने वाले अतुल के ससुराल पक्ष का बयान सामने आया है। निकिता की मां ने एक चैनल से कहा कि 'ये जो आरोप लगे हैं, सारे निराधार है। मैं सारे सबूत दुनिया के सामने रखूंगी। अतुल सुभाष ने अपना फ्रस्ट्रेशन हम पर निकाला है। मेरी बेटी कभी किसी को आत्महत्या के लिए नहीं बोल सकती।' बता दें, अतुल की पत्नी निकिता दिल्ली में नौकरी करती है। अतुल और निकिता ने 2019 में लव मैरिज की थी।



### ऐसे बिगड़े निकिता से संबंध

दिवंगत अतुल के फ्रेंड जैक्सन ने ने बताया कि कोरोना का टाइम था और अतुल की पत्नी कोरोना से संक्रमित हो गई। इसकी वजह से उसे काफी तकलीफ हुई और वह उसके लिए दवाई लेने गए। अतुल की पत्नी टाइम पर दवाई नहीं ले रही थीं। इसकी वजह से मनमुटाव हुआ और फिर यहीं से बात आगे बढ़ती चली गई। वह अपने बच्चे के साथ अतुल को छोड़कर चली गई।



### इधर, एक अन्य केस में कोर्ट ने पत्नी को 5 करोड़ गुजारा भत्ता देने कहा

*बेंगलुरु के एआई इंजीनियर अतुल सुभाष के सुसाइड मामले के बीच सुप्रीम कोर्ट ने एक अन्य केस में पति को पत्नी को पांच करोड़ का गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए पति को आदेश दिया कि वह शादी के टूटने पर पत्नी को एकमुश्त समझौते के रूप में पांच करोड़ रुपये का स्थायी गुजारा भत्ता दे। इसके साथ ही बच्चे के लिए भी एक करोड़ रुपये का प्रावधान करने को कहा गया है। कोर्ट का यह फैसला अतुल सुभाष के सुसाइड मामले पर चल रहीं चर्चाओं के बीच आया है, जिसमें अतुल ने अपनी पत्नी द्वारा दायर मामलों से तंग आकर सुसाइड कर लिया। साथ ही, कई पन्नों के सुसाइड लेटर में कई चौंकाने वाले दावे भी किए। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने जिस मामले में फैसला दिया है, उसमें पति और पत्नी लगभग दो दशकों से अलग-अलग रह रहे हैं। दोनों शादी के बाद सिर्फ छह साल तक ही साथ रहे।*

**एनसीआरबी की 2022 की रिपोर्ट बताती है कि भारत में शादी से जुड़ी परेशानियों की वजह से 8,164 लोगों ने आत्महत्या की थी। इनमें से 52 फीसदी पुरुष थे।**

# काबुल में धमाका, तालिबानी मंत्री रहमान हक्कानी की मौत

**इस्लामिक स्टेट खुरासान संगठन पर हमले का शक**



**काबुल।** तालिबान के प्रवासन मंत्री और तालिबान के आंतरिक मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी के चाचा खलीलुर रहमान हक्कानी काबुल में एक विस्फोट में मारे गए हैं। सूत्रों ने टोलो न्यूज को बताया कि तालिबानी सरकार में शरणार्थी मामलों और प्रवासन मंत्री खलीलुर रहमान हक्कानी की बुधवार को मंत्रालय के अंदर हुए एक विस्फोट में मौत हो गई। हक्कानी के कुछ सहयोगियों भी विस्फोट में मौत हो गई है। सूत्रों के मुताबिक इस घटना में कई अन्य लोगों की भी जान गई है। न्यूज एजेंसी एएफपी के अनुसार, काबुल में शरणार्थी मंत्रालय में विस्फोट हुआ था। हक्कानी वर्तमान आंतरिक मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी के चाचा भी थे।

### तालिबान को निशाना बना रहा खुरासान

2021 में तालिबान द्वारा देश पर कब्जा करने के बाद से अफगानिस्तान में हिंसा में कमी आई है क्योंकि अमेरिका और नाटो के नेतृत्व वाली विदेशी सेनाओं के साथ तालिबान का युद्ध समाप्त हो गया है। हालांकि इस्लामिक स्टेट की क्षेत्रीय ब्रांच इस्लामिक स्टेट खुरासान अफगानिस्तान में सक्रिय है और लगातार बंदूक और बम हमलों से नागरिकों, विदेशियों और तालिबान अधिकारियों को निशाना बनाता है।

### अमेरिका ने रखा था 5 मिलियन डॉलर का ईनाम

खलीलुर रहमान हक्कानी का नाम संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध सूची में भी शामिल था। आतंकवादी गतिविधियों के लिए अमेरिका ने हक्कानी पर 5 मिलियन डॉलर का इनाम रखा गया था। 2021 में तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद, हक्कानी को मंत्री पद संभालने से पहले काबुल की सुरक्षा की देखरेख करने का काम सौंपा गया था।

**केजरीवाल बोले- 3 बार अकेले जीते इस बार भी जीतेंगे**

# आप अपने दम पर लड़ेगी दिल्ली चुनाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच गठबंधन की अटकलों को अरविंद केजरीवाल ने खारिज कर दिया। आप प्रमुख केजरीवाल ने कहा है कि आम आदमी पार्टी अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। उसके कांग्रेस के साथ किसी भी तरह के गठबंधन की संभावना नहीं है। बुधवार को यह खबर सामने आई थी कि आप दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 15 सीट देने पर विचार कर रही है, लेकिन केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट के जरिए गठबंधन की बात को नकार दिया है। आप नेता राघव चड्ढा ने भी अलायंस की खबरों को निराधार बताया।



### आप के 31 प्रत्याशी घोषित 24 के टिकट कटे

आप ने अब तक 31 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं। 2020 चुनाव में 27 सीटों पर आप जबकि 4 पर भाजपा के विधायक थे। आप ने इस बार 27 विधायकों में से 24 के यानी 89% टिकट काट दिए हैं। पहली लिस्ट में 11 उम्मीदवार घोषित आप की पहली लिस्ट 21 नवंबर को आई थी, जिसमें 11 उम्मीदवारों के नाम थे। इसमें भाजपा-कांग्रेस से आए 6 लोगों को टिकट दिया गया है। इनमें भाजपा के 3 और कांग्रेस के 3 चेहरे शामिल हैं।

आप राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि आने वाला दिल्ली चुनाव आम आदमी पार्टी अपने संगठन की ताकत और राजनीतिक बलबूते पर लड़ेगी। कांग्रेस और आप के बीच अलायंस की खबरें निराधार हैं। आप पिछले तीन दिल्ली चुनाव अपने बलबूते पर लड़ती, जीतती और सरकार बनाकर उसे चलाती आई है।

### बीजेपी पर लगाया वोटर लिस्ट से छेड़छाड़ का आरोप

दिल्ली में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले दिल्ली का सियासी पारा चढ़ा हुआ है। आम आदमी पार्टी ने बीजेपी पर लोगों के वोट कटवाने का आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की सीएम आतिशी ने मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात की। केजरीवाल ने इस मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में कहा, 'आज हमने चुनाव आयोग से मिलकर उन्हें सुबूत दिए हैं कि कैसे दिल्ली में बीजेपी साजिश करके कई लोगों के वोट कटवाने का षड्यंत्र रच रही है।' उन्होंने कहा, 'हमने 3000 पन्नों में सबूत दिए हैं कि किस तरह से बीजेपी फर्जी तरीके से वोटर्स के नाम कटवाने की साजिश कर रही है।'

## गॉर्ड ऑफ ऑनर...



**नई दिल्ली।** नेपाल के सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नेपाल के सीओएएस सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगडेल, बुधवार, 11 दिसंबर, 2024 को नई दिल्ली में साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करने पहुंचे।

# अंबेडकर स्मारक पर तोड़फोड़, भड़की हिंसा पुलिस ने किया लाठी चार्ज, दागे आंसू गैस

### महाराष्ट्र के परभणी में प्रदर्शन के दौरान माहौल हो गया उग्र

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र के परभणी जिले में अंबेडकर स्मारक पर तोड़फोड़ के बाद हालात बेकाबू हो गए। बुधवार (11 दिसंबर) को इस घटना के विरोध में बुलाए गए बंद के दौरान हिंसा भड़क उठी। भीड़ ने दुकानों और गाड़ियों में आगजनी की और कई जगहों पर तोड़फोड़ की। हालात संभालने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज और आंसू गैस का सहारा लेना पड़ा।

पुलिस ने मुख्य आरोपी सोपन दत्ताराव पवार को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने मंगलवार को स्मारक की संविधान प्रतिकृति को तोड़ने की कोशिश की थी। बंद के दौरान भीड़ ने कई इलाकों में उपद्रव किया। दुकानों और वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया। परभणी के रिहायशी इलाकों में पत्थरबाजी की घटनाएं भी सामने आईं। हालात काबू करने के लिए पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया। शहर में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने भीड़ को खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और कई जगहों पर लाठीचार्ज भी किया।



### ऐसे भड़की हिंसा

बुधवार को संविधान की प्रतिकृति तोड़ने के विरोध में बंद बुलाया गया था। लेकिन इस दौरान माहौल उग्र हो गया। भीड़ ने कई जगह आगजनी और तोड़फोड़ शुरू कर दी। शहर के अलग-अलग इलाकों में हिंसक झड़पें देखी गईं। दुकानों और गाड़ियों को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ भीड़ ने रिहायशी इलाकों पर भी हमला किया।

### शहर में भारी पुलिस बल तैनात

हिंसा के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए परभणी में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। हालात पर काबू पाने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। स्थानीय प्रशासन ने भी लोगों को आश्वासन दिया है कि आरोपी को कानून के अनुसार सजा दी जाएगी।

**संविधान की प्रतिकृति तोड़ने की कोशिश**

*पुलिस के अनुसार, 45 वर्षीय आरोपी सोपन दत्ताराव पवार ने मंगलवार को रेलवे स्टेशन के पास स्थित अंबेडकर स्मारक में तोड़फोड़ की कोशिश की थी। इस घटना के बाद गुस्साए लोगों ने आरोपी को पकड़कर बुरी तरह पीटा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी को फांसी देने की मांग की।*

**महाराष्ट्र चुनाव**

चुनाव आयोग जांच के बाद कह चुका वीवीपैट-ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं

# ईवीएम गड़बड़ी की शिकायत लेकर सुप्रीम कोर्ट जाएगा विपक्ष

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हेरफेर का आरोप लगाते हुए विपक्षी गठबंधन अब सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में है। चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने के फैसले की घोषणा मंगलवार को एनसीपी-शरद पवार के नेता प्रशांत जगताप ने की। जगताप पुणे की हडपसर सीट से विधानसभा चुनाव हार गए थे। विपक्षी गठबंधन 13 दिसंबर को ईवीएम में गड़बड़ी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाएगा। यह फैसला मंगलवार को विपक्षी नेताओं के बीच बैठक के बाद लिया गया। यह मीटिंग एनसीपी(एसपी) प्रमुख शरद पवार के घर पर हुई थी।



### वीवीपैट-ईवीएम में कोई मिसमैच नहीं

चुनाव आयोग (ईसी) ने मंगलवार को बताया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ईवीएम वोटों से वीवीपैट (वीवीपैट) पर्चियों के मिलान में कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। आयोग ने जानकारी दी कि 23 नवंबर को काउंटिंग के दिन, हर विधानसभा क्षेत्र के 4 बूथों के वीवीपैट पर्चियों की गिनती की। इस गिनती में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई। इस दौरान 288 विधानसभा क्षेत्रों की 1440 वीवीपैट यूनिटों की पर्चियों का मिलान किया गया था।




**महाकुंभ में मेला प्रशासन ने तैयारियों का खींचा खाका**

# एआई, रिस्ट बैंड व जीपीएस करेगा श्रद्धालुओं की सुरक्षा-गिनती

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

महाकुंभ में 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। श्रद्धालुओं की संख्या का सही आकलन किया जा सके, इसके लिए तीन तकनीकों के माध्यम से हर एक श्रद्धालु की गिनती होगी। मेला प्रशासन ने इसके लिए खाका तैयार कर लिया है। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि श्रद्धालुओं की गिनती के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं को ट्रैक करने मेला क्षेत्र के अंदर 200 स्थानों पर लगभग 744 अस्थायी सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। शहर में 268 स्थानों पर 1107 स्थायी सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। 100 से अधिक पार्किंग स्थलों पर 720 सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल किए गए हैं। आई ट्रिपल सी और पुलिस लाइन कंट्रोल रूम के अतिरिक्त अरैल और झूंसी क्षेत्र में भी व्यूइंग सेंटर्स बनाए गए हैं।




**100** से अधिक पार्किंग स्थल ◄ **720** सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल ◄ **268** स्थानों पर ◄ **1107** स्थायी सीसीटीवी कैमरे

### टर्न अराउंड साइकिल अहम




श्रद्धालु की बार-बार गिनती न हो, इसके लिए टर्न अराउंड साइकिल महत्वपूर्ण होगा। इसको ट्रैक करने कोचरंस फॉर्मूला तकनीक का उपयोग किया जाएगा। पर्वों पर 10 करोड़ लेते हुए सैंपल गिने जाते हैं।

**इन तीन विधियों से होगी गिनती:** पहली विधि एट्रिब्यूट आधारित खोज होगी, इसमें पर्सन एट्रिब्यूट सर्च कैमरों के आधार पर ट्रैकिंग की जाएगी। दूसरी आरएफआईडी रिस्ट बैंड पर आधारित होगी। इसमें श्रद्धालुओं को रिस्ट बैंड प्रदान किए जाएंगे। पता चलेगा कि तीर्थयात्री ने मेला क्षेत्र में कितना समय बितायातीसरी विधि मोबाइल एप के द्वारा ट्रैकिंग की होगी, जिसमें तीर्थ यात्रियों की सहमति पर मोबाइल एप के जीपीएस के जरिये उनकी लोकेशन ट्रैक की जा सकेगी।

### तड़के 3 से शाम 7 बजे तक एक्टिव रहेगा सिस्टम

श्रद्धालुओं की गिनती के लिए कैमरे हर मिनट डाटा अपडेट करेंगे। पूरा फोकस घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं पर होगा। यह सिस्टम तड़के तीन बजे से शाम सात बजे तक पूरी तरह एक्टिव रहेगा। यही स्नान का प्रमुख समय माना गया है। इससे पहले माघ मेला के दौरान भी इन विधियों का उपयोग किया गया था। इसके माध्यम से लोगों की संख्या का 95 फीसदी तक सटीक अनुमान लगाया जा सकता है।




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




स्वास्थ्य केंद्रों में हुई थी साढ़े चार सौ करोड़ की गैर जरूरी रीएजेंट की सप्लाई




*अफसरों से साठ-गांठ कर प्रदेश के 850 पचास केंद्रों में भेजे गए बिना उपयोगी बड़ी बीमारी की जांच वाले रीएजेंट के खराब होने का दौर जारी है। हर महीने औसतन पचास करोड़ के हिसाब से पिछले तीन माह में डेढ़ सौ करोड़ के रीएजेंट एक्सपायर हो चुके हैं और अगले चार माह तक यह दौर जारी रहने की संभावना है।*

### पिछले तीन माह में करोड़ों के रीएजेंट खराब, अगले चार माह यही हालात

# 50 करोड़ के रीएजेंट हर महीने एक्सपायर, अब तक 150 करोड़ बेकार, फरवरी तक 350 करोड़ कचरा


विकास शर्मा ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

सीजीएमएससी के अफसरों ने मोक्षित कंपनी के रीएजेंट की सप्लाई दबावपूर्वक 30 जिला अस्पताल, 750 प्राथमिक और 170 स्वास्थ्य केंद्र में करवाई थी। जिन हेल्थ सेंटरों में रीएजेंट भेजा गया, उसकी वहां जरूरत ही नहीं थी। सीजीएमएससी की एमडी पद्मिनी भोई ने कहा है जिस रीएजेंट का इस्तेमाल किया जा सकता है उसका करने का प्रयास कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि हेल्थ सेंटरों में जांच की मशीन और टेक्निशियन नहीं थे, जिसकी वजह से करीब ▶▶|शेष पेज 4 पर






#### उपयोग के लिए भेजा जा रहा

सीजीएमएसी के गोदाम में जो रीएजेंट मौजूद हैं, उन्हें आवश्यकता के अनुसार जांच की सुविधा वाले अस्पतालों को भेजा जा रहा है। जो रीएजेंट एक्सपायर हो चुके है उनके लिए निर्धारित प्रोटोकाल का पालन किया जा रहा है।

\- पद्मिनी भोई साहू, एमडी सीजीएमएससी

#### दवा कार्पोरेशन के डिपो में डंप

*मोक्षित कार्पोरेशन द्वारा हेल्थ सेंटरों में भेजे गए रीएजेंट अभी बड़ी मात्रा में सीजीएमएससी के विभिन्न जिलों के डिपो में डंप हैं। हरिभूमि के पास डिब्बे में पड़े-पड़े खराब हो रहे रीएजेंट की तस्वीरें मौजूद है। इन रीएजेंट के पैकेट में उनके एक्सपायरी की उल्लेख की गई तारीख दवा निगम के तत्कालीन अधिकारियों के साथ विभागीय अफसरों की मिलीभगत को बयां कर रही है।*

#### मशीन हो गई लॉक, जांच नहीं

*सीबीसी सहित अन्य जांच के लिए रायपुर समेत प्रदेश के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में मशीनें भी सप्लाई की गई थी। रीएजेंट का मामला सामने आने के बाद इन मशीनों के फंक्शन को लॉक कर दिया गया जिसकी वजह से उसने काम करना बंद कर दिया। स्वास्थ्य केंद्रों में इसकी वजह से सीबीसी सहित ब्लड से संबंधित कई जांचें नहीं हो रही है अथवा इसके लिए दूसरी मशीनों का उपयोग हो रहा है। इस गड़बड़ी का मसला अस्पतालों से निकलकर विभाग के आला अधिकारियों तक पहुंच चुका है और आने वाले दिनों में यह मुद्दा गरमाने की संभावना है।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सवाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक

# एसआई भर्ती में एसटी वर्ग को छूट, मिलरों को बकाया मिलेगा, आटो एक्सपो में रोड टैक्स लगेगा 50 फीसदी

- राइस मिलरों को प्रति क्विंटल 80 रुपए प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए हैं। सरकार ने राज्य में चल रही एसआई भर्ती (सूबेदार, उपनिरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमाण्डर) की भर्ती प्रक्रिया में अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरुष उम्मीदवारों के लिए फिजिकल में छूट देने का प्रावधान एक बार के लिए किया है। राज्य के मिलरों को उनकी मिलिंग की बकाया राशि का भुगतान किस्तों में करते हुए पहली किस्त देने और कस्टम मिलिंग के लिए दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को 80 रुपए प्रति क्विंटल देने का निर्णय लिया है। रायपुर में 15 जनवरी से 15 फरवरी 2025 तक आयोजित ऑटो एक्सपो के दौरान वाहनों के लाइफ टाइम रोड टैक्स पर एकमुश्त 50 प्रतिशत की छूट दिए जाने का निर्णय लिया गया।



#### एसआई भर्ती में ये छूट एक बार के लिए

मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को छत्तीसगढ़ पुलिस में भर्ती के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उम्मीदवारों के लिए ऊंचाई और सीना के निर्धारित मापदण्ड में एक बार के लिए छूट प्रदान करने का निर्णय लिया। इसके तहत छत्तीसगढ़ पुलिस में सूबेदार, उपनिरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमाण्डर की सीधी भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2024 में निर्धारित न्यूनतम ऊंचाई 163 सेंटीमीटर ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### डेयरी को बढ़ावा देने होगा ये काम

छत्तीसगढ़ राज्य में डेयरी उद्यमिता को प्रोत्साहन देने एवं दुग्ध संकलन तथा प्रसंस्करण में वृद्धि के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ एमओयू करने का निर्णय लिया गया। इससे नवीन तकनीक के उपयोग के साथ ही दुग्ध महासंघ के प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि होगी। अनुसूचित क्षेत्रों में दुधारू पशु उत्प्रेरण से स्वरोजगार में वृद्धि के साथ ही दुग्ध उत्पादन की लागत कम होगी तथा दुग्ध उत्पादकता में ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### ऑटो एक्सपो टैक्स में छूट

राजधानी रायपुर में 15 जनवरी से 15 फरवरी 2025 तक आयोजित ऑटो एक्सपो के दौरान वाहनों के लाईफ टाईम रोड टैक्स पर एकमुश्त 50 प्रतिशत की छूट दिए जाने का निर्णय लिया गया तथा प्रदेश के सभी डीलरों को इस सुविधा का लाभ वाहन क्रेताओं को दिलाने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने बुधवार को ही खबर प्रकाशित की थी कि छत्तीसगढ़ ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### गांवों के लिए क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना की मंजूरी

*छत्तीसगढ़ में खेलों के लिए सुदृढ़ वातावरण तैयार करने, खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा राज्य के खिलाड़ियों के लिए सुदूर ग्रामीण अंचलों से लेकर जिला मुख्यालय में खेल हेतु आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। इसके तहत छत्तीसगढ़ में खेल क्लब को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए संबंधित पंजीकृत समितियों को खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने पर आर्थिक सहयोग* ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### राइस मिलरों को बकाया मिलेगा किस्तों में

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में राईस मिलों को लंबित प्रोत्साहन राशि की प्रथम किश्त प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया। मिलरों का मिलिंग का दो साल का करीब चार हजार रुपए बकाया था। यह राशि अब किस्तों में दी जाएगी। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित अतिशेष (सरप्लस) धान के निराकरण के संबंध में गहन विचार-विमर्श किया गया। कैबिनेट ने खरीफ सीजन में उपार्जित शतप्रतिशत धान की कस्टम मिलिंग उसी खरीफ सीजन में पूरा कर जमा कराने तथा इस साल के अतिशेष धान का चावल केन्द्रीय पूल के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम में सितम्बर 2025 तक उपार्जित किए जाने के लिए लक्ष्य वृद्धि हेतु प्रस्ताव धान खरीदी समाप्त होते ही भारत सरकार को पुनः भेजे जाने के संबंध में चर्चा की गई तथा अतिशेष धान का निराकरण नीलामी से करने की अनुमति दी गई है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में कस्टम मिलिंग हेतु फोर्टिफाईड राइस कर्नेल की व्यवस्था के संबंध में फोर्टिफाईड चावल जमा ▶▶|शेष पेज 4 पर

### मिलिंग विवाद

## मिलरों ने कहा- सरकार से सहमति नहीं, धान उठाव पर संशय

- उम्मीद लगाए बैठे थे पर हुए हैं निराश
- सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के राइस मिलरों और सरकार के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच सरकार ने विवाद को सुलझाने के लिए बुधवार को कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिए हैं, लेकिन दूसरी ओर छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने कहा कि कैबिनेट में हमारे वर्ष 2022-23 के भुगतान पर सहमति नहीं बनी। साथ ही एसएलसी से परिवहन व्यय भी फाइनल नहीं हो पाया। यह बड़ी वादा खिलाफी की गई है। पूरे ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### जारी किया ये बयान

राइस मिलर्स एसोसिएशन ने इस मामले को लेकर एक बयान जारी कर अपनी बात रखी है। एसोसिएशन का कहना है कि सरकार के कैबिनेट के निर्णय के बाद अब पुनः प्रदेश एसोसिएशन अपने मिलर्स के साथ कस्टम मिलिंग कार्य करने के निर्णय पर ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### ये फैसला मिलर्स के खिलाफ है

मिलर्स को मिल संबंधी खर्चों के लिए भुगतान करने की और अपना काम करने पैसों की जरूरतें थी। इसके लिए पिछले दिनों पूरे प्रदेश के मिलरों ने अपनी कुछ जायज मांगों के पूरा होने तक कस्टम मिलिंग कार्य से दूरी बना ली थी। सरकार ने मिलर्स से चर्चा कर बड़ा आश्वासन दिया, लेकिन अब पूरे प्रदेश के मिलर्स सरकार के वर्तमान निर्णय के ▶▶|शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### नए आरबीआई गवर्नर ने ग्रहण किया पदभार



**मुंबई।** आरबीआई के 26वें गवर्नर के रूप में संजय मल्होत्रा ने कार्यभार संभाल लिया। केंद्रीय बैंक ने कहा, उन्होंने अगले तीन वर्षों के लिए गवर्नर का कार्यभार संभाला है। मल्होत्रा ने शक्तिकांत दास का स्थान लिया, जो अपने छह साल के कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त हो गए।

### यात्री सेवाओं के लिए रेलवे का नया एप



**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा को सूचित किया कि रेल मंत्रालय एक नया मोबाइल ऐप्लिकेशन विकसित कर रहा है। यह अनारक्षित ट्रेन टिकट बुक करने, शिकायत दर्ज करने और रेलगाड़ियों को ट्रैक करने में सक्षम बनाएगा। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, भारतीय रेलवे यात्री सेवा केंद्रित ऐप विकसित कर रहा है।

### पांच दिनों तक शीतलहर का अलर्ट



**नई दिल्ली।** दिसंबर के शुरुआत के पहले 10 दिन बीतने के साथ ही कड़ाके की ठंड भी शुरू हो गई है। मौसम विभाग ने उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में अगले पांच दिनों तक शीतलहर चलने की चेतावनी जारी की है। इस बीच, साउथवेस्ट बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है।

### 2035 तक भारत स्थापित करेगा स्पेस स्टेशन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बुधवार को ऐलान किया कि भारत 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करेगा। इसे 'भारत अंतरिक्ष स्टेशन' नाम दिया जाएगा। इसके साथ ही, 2040 तक एक भारतीय को चंद्रमा पर भेजने की योजना है।

### महाकुंभ में श्रद्धालुओं की डिजिटल सुरक्षा की भी तैयारी



**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ 2025 को डिजिटल कुंभ बनाए जाने से श्रद्धालुओं के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी की भी आशंका बढ़ी है। इससे निपटने के लिए सरकार ने मेला क्षेत्र में साइबर थानों की भी शुरुआत की है। एएसपी (कुंभ) राजेश द्विवेदी ने बताया कि श्रद्धालुओं की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए विशेष टीम बुलाई गई है।

### सप्ताहभर में दो महिला समेत पांच की हत्या

## नक्सलियों ने भाजपा नेता को अगवा कर उतारा मौत के घाट

- कुटरू थाना क्षेत्र के सोमनपल्ली गांव निवासी बीजेपी नेता मान्डो राम कुड़ियाम की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/ बीजापुर

बीजापुर जिले के कुटरू थाना क्षेत्र में माओवादियों ने बीजेपी नेता का अगवा कर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए हत्या कर दी। शव के करीब ही पर्चा छोड़कर नक्सलियों की नेशनल पार्क एरिया कमेटी ने हत्या की जिम्मेदारी ली है।



जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात लगभग 9 बजे नक्सली मान्डो राम कुड़ियाम के घर पहुंचे और उसे घर से किडनैप करके अपने साथ ले गए। इसके बाद गांव से कुछ दूरी पर ले जाकर उसकी हत्या कर दी। ▶▶|शेष पेज 4 पर

#### सप्ताह भर में पांचवी हत्या

बीजापुर जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में माओवादियों ने सप्ताह भर के भीतर दो महिला समेत पांच लोगों की पुलिस मुखबिर बताते हुए हत्या कर दी है। इससे पूर्व 6 दिसंबर को दो पूर्व सरपंचों की हत्या की थी। पूर्व सरपंचों की हत्या के बाद एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को उसके बेटे के सामने मौत के घाट उतारा दिया था, इसके दो दिन पहले एक महिला की उसके पति के सामने हत्या कर दी। वहीं बुधवार को भाजपा नेता की हत्या कर दी। लगातार हत्या से इलाके में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।

### मुनगा जंगल में मुठभेड़, वर्दीधारी नक्सली ढेर

**जगदलपुर/बीजापुर।** गंगालूर थाना क्षेत्र स्थित मुनगा के जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना पर डीआरजी की टीम को रवाना किया गया था। वहीं आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से डीआरजी के दो जवान घायल हो गए हैं, जिनका जिला अस्पताल में उपचार जारी है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मुनगा के जंगल ▶▶|शेष पेज 4 पर



#### मृत नक्सली की पहचान नहीं

वहीं, माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में दो जवान को मामूली चोट आई है। मुठभेड़ में मारे गए माओवादी के शव का शिनाख्त नहीं हो सकी है, आईजी ने कहा कि फोर्स के लौटने के बाद विस्तृत जानकारी मिल सकेगी। सुरक्षाबलों द्वारा इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

*पांच महीने से गुम अपहृत नाबालिग लड़की के संबंध में जशपुर पुलिस ने किया खुलासा*

## प्रेमी ने खेत में दफनाया प्रेमिका का शव, ऊपर बो दिया धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

पांच माह पहले अपने जीजा के घर से गायब हुई 16 साल की नाबालिग लड़की का शव कुनकुरी थाना क्षेत्र के एक गांव के खेत में मिला है। प्रेमी ने प्रेमिका के शव को खेत में दफन कर उसके ऊपर धान बो दिया।

- लव ट्रायंगल में नाबालिग बालिका की हुई मौत

जानकारी मिलने पर पुलिस ने मजिस्ट्रियल ऑर्डर के बाद खेत को खुदवाकर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। घटना की ▶▶|शेष पेज 4 पर



#### की जाएगी कार्रवाई

खेत से शव को निकलवाने के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पीएम रिपोर्ट और आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-शशि मोहन सिंह,** पुलिस अधीक्षक, जशपुर

#### नाबालिग ने की आत्महत्या

आरोपी ने बताया कि 6 अगस्त की रात्रि में नाबालिग को उसके जीजा के घर से भगाकर वह अपने ग्राम महुआटोली थाना कुनकुरी लेकर आया। नाबालिग को उसने 7, 8 एवं 9 अगस्त तक अपने ही घर में रखा। इसकी खबर आरोपी की पुरानी प्रेमिका को लगने पर वह आरोपी के घर पहुंच गई और ▶▶|शेष पेज 4 पर

### घुसपैठियों पर 2 महीने भारी

## अवैध बांग्लादेशियों पर एक्शन दस्तावेजों की शुरू हुई छानबीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों की धरपकड़ के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना का निर्देश सामने आने के बाद दिल्ली पुलिस ने बुधवार को अपने अभियान की शुरुआत कर दी। दक्षिणी पूर्वी जिला पुलिस ने बुधवार को कालिंदी कुंज इलाके में अभियान चलाकर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की तलाश की। पुलिस ने अभियान ▶▶|शेष पेज 4 पर



#### कुछ संदिग्ध मिले

*दिल्ली पुलिस की टीमों की ओर से कालिंदी कुंज स्थित 100 फुटा रोड पर रहने वाले करीब 150 महिला, पुरुषों और बच्चों के पहचान संबंधी दस्तावेजों की वेरिफिकेशन की गई। इस दौरान पुलिस को कुछ संदिग्ध भी मिले। उन्होंने खुद को असम का बताया, लेकिन पहचान संबंधी दस्तावेज पेश नहीं कर सके। पुलिस ने इनके बारे में सारी जानकारी रिकार्ड में ली है।*

### लाल चंदन की तस्करी पर बनी फिल्म दर्शकों को भा रही

## 'लाल चंदन' से पुष्पा-2 'लाल', कमाए 1000 करोड़!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। सुकुमार के डायरेक्शन में बनीं अब सिर्फ छह दिन में ही फिल्म ने 1000 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। सिर्फ इंडिया ही नहीं दुनियाभर में पुष्पा 2 का डंका बजा हुआ है। शेषाचलम के जंगल और लाल चंदन की तस्करी, अल्लू अर्जुन की पुष्पा-1 हो या पुष्पा-2 द रूल, दोनों के बैकग्राउंड में यही चलता है। अरबों की कीमत वाले लाल चंदन की तस्करी का अंदाज दिलचस्प है, जो दर्शकों को बांधे रखता है।



#### बाहुबली का तोड़ा रिकॉर्ड

बता दें बाहुबली ने 10 दिन में 1000 करोड़ का आंकड़ा पार कर दिया था। अब तक बाहुबली 2 सबसे जल्दी 1000 करोड़ कमाने वाली फिल्म थी मगर अब इल रिकॉर्ड को पुष्पा 2 ने तोड़ दिया है। बाहुबली के बाद इस लिस्ट में एसएस राजामौली की आरआरआर है, जिसने 16 दिन में ये कमाई की थी। वहीं शाहरुख खान की जवान को 18 दिन लग गए थे।

#### पुष्पा 2 का कलेक्शन

| कलेक्शन | भारतीय रुपए में |
| --- | --- |
| इंडिया नेट | 645 करोड़ |
| इंडिया ग्रॉस | 771.4 करोड़ |
| ओवरसीज | 176 करोड़ |
| वर्ल्डवाइड | 947.4 करोड़ |

1000 करोड़ कमाने वाली इंडियन फिल्में (वर्ल्डवाइड)

| फिल्म का नाम | टोटल कलेक्शन |
| --- | --- |
| दंगल | 2070.3 करोड़ |
| बाहुबली 2 | 1788.06 करोड़ |
| आरआरआर | 1230 करोड़ |
| केजीएफ चैप्टर 2 | 1215 करोड़ |
| कल्कि 2898 एडी | 1042.25 करोड़ |
| जवान | 1160 करोड़ |
| पठान | 1055 करोड़ |

### डिजिटल अरेस्ट कर महिला से ठगी

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 113 थानाक्षेत्र में एक महिला को पांच घंटे तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखकर साइबर अपराधियों ने उससे 1.40 लाख रुपये ठग लिये। बीती रात सेक्टर 77 की स्मृति सेमवाल ने शिकायत दर्ज करायी कि आठ दिसंबर को प्रिया शर्मा नाम की एक महिला ने उन्हें फोनकर साइबर अपराध शाखा की अधिकारी होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि उनके आधार कार्ड से धनशोधन, मानव तस्करी, मादक पदार्थ की तस्करी जैसी गैरकानूनी गतिविधियां हो रही हैं प्रिया ने स्मृति की तथाकथित बड़े-बड़े अधिकारियों से बात करवाई तथा उसे काफी डराया-धमकाया। ऐसे में स्मृति डरकर आरोपियों के बताए गए खाते में दो बार में 1,40,000 रूपए भेज दिये। शिकायतकर्ता का दावा है कि उन्हें करीब पांच घंटे तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखा गया।

चिंतन

# आशान्वित होना ठीक पर आर्थिक चुनौती है बड़ी

सरकार नए बजट की तैयारी में है, लेकिन चालू वित्त की दूसरी तिमाही में जीडीपी दर गिरने के बाद अर्थव्यवस्था को संभालने की चुनौती बढ़ गई है। स्मार्ट इंडिया हैकथॉन-2024 के ग्रैंड फिनाले में भाग लेने वाले युवा अन्वेषकों (इनोवेटरों) से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत लक्ष्य, भारत की आर्थिक स्थिति को लेकर सकारात्मक उम्मीद जताई है। पीएम ने टेक पावर और डिजिटल अर्थव्यवस्था को भारत की नई ताकत के रूप में उद्धृत किया है और साइबर खतरे से निपटने की चुनौती को अहम बताया है। आशान्वित होना अच्छी बात है, लेकिन आंकड़े अर्थव्यवस्था के आगे बढ़ने की गवाही नहीं दे रहे हैं। जीडीपी ग्रोथ धीमी हो गई है। इसके चलते रिजर्व बैंक के साथ ग्लोबल एजेंसियां भी भारत के जीडीपी अनुमान को घटाने लगी हैं। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने निजी निवेश तथा आवास मांग में उम्मीद से कम वृद्धि के कारण चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान सात प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है। एडीबी ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को भी 7.2 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया है। भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई थी, जबकि आरबीआई ने स्वयं इसके सात प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया था। केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति का अनुमान भी बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत कर दिया था। भारत उच्च खाद्य महंगाई का सामना कर रहा है, रिजर्व बैंक के मौद्रिक उपायों के बावजूद खाने-पीने की चीजों की कीमतें कम नहीं हो पा रही हैं। आज ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कार्यभार संभाला है और कहा है कि आरबीआई चुनौतियों से निपटने को सतर्क और सजग बना रहेगा, केंद्रीय बैंक नीतिगत मोर्चे पर स्थिरता को बनाए रखेगा। पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास के कार्यकाल में मौद्रिक उपायों को देखें तो नए गवर्नर के लिए महंगाई, एनपीए (गैर निष्पादित संपत्तियां) और बैंकिंग व वित्तीय सिस्टम में स्थिरता बनाए रखना कठिन होगा। अभी जब दुनिया में अनेक स्तर पर वित्तीय सुस्ती व अस्थिरता है, ऐसे में भारतीय अर्थव्यवस्था को ग्रोथ की पटरी पर दौड़ाना और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर रखना आसान नहीं है। भारत के निर्यात में गिरावट है, चीन से व्यापार घाटा सौ अरब डॉलर का है, राजकोषीय घाटा भी लक्ष्य से आगे है, सार्वजनिक निवेश में कमी दर्ज की गई है, निजी निवेश व एफडीआई प्रवाह में कमी है, सरकारी खजाने पर रेवड़ियों का वित्तीय बोझ है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट सरकार पर सवाल खड़ा कर चुका है। ऐसे में जहां सरकार के लिए अर्थव्यवस्था की गति को बूस्ट करना चुनौती है, वहीं रिजर्व बैंक के लिए वित्तीय समावेशन का लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं होगा। पूर्व राजस्व सचिव से आरबीआई के नए गवर्नर बने संजय मल्होत्रा के लिए चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी होगी। बजट की तैयारी में जुटीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारतीय उद्योग जगत के वाणिज्यिक विचारों को अर्थव्यवस्था, राष्ट्र की आर्थिक प्राथमिकताओं और रणनीतिक जरूरतों के साथ मिलाने की जरूरत है। वित्त मंत्री का भारतीय उद्योग जगत को साफ संदेश है कि देश के औद्योगिक व रोजगार सृजन के लक्ष्यों के साथ कदम मिलाकर चलें। अर्थव्यवस्था को लेकर आशान्वित होना ठीक पर जमीनी चुनौती बड़ी है।

विचार
शुभ्रांशु चौधरी



# अबुझमाड में गोटुलों को वैकल्पिक शिक्षण केंद्र की तरह विकसित करने की जरूरत

गोटुल गोंडी धर्म के 5 स्तंभों में एक है। यह हर पारंपरिक गोंडी गांव में शिक्षण का स्थान है जो आज केवल अबूझमाड़ में मौजूद है। यह संस्था गोंडों के दिलों के बहुत करीब है, हालांकि इसे पहले सरकार और फिर माओवादियों द्वारा बदनाम किया गया, जिससे गोंड समुदाय को बहुत ठेस पहुंची है। चूंकि राज्य 5 दशकों के बाद अबूझमाड़ में प्रवेश कर रहा है, इसलिए यह उस दुख की भावना को शांत करने का भी समय है। आज यह भी समय है जब सैटेलाइट ब्रॉडबैंड भारत में प्रवेश कर रहा है। नई शिक्षा नीति मातृभाषा में शिक्षा की बात करती है। हमें अभी एक मानक गोंडी विकसित करनी है, ताकि गोंडी में शिक्षण हो सके। उसके बाद गोंडी में मशीन ट्रांसलेशन टूल बनाया जा सकेगा और सैटेलाइट ब्रॉडबैंड की मदद से गोटूलों को शिक्षा के आधुनिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकेगा। यौन शिक्षा शिक्षा का हिस्सा है, लेकिन अतीत में हमने गोटूलों को केवल सेक्स सेंटर के रूप में वर्णित किया है और माओवादियों ने गोटूलों को जलाया, हालांकि बाद में उन्होंने इसके लिए माफ़ी मांगी।

जैसे राज्य में मितानिन को वैकल्पिक स्वास्थ्य सेवा के रूप में विकसित किया गया था, जो बाद में देश में आशा के रूप में विकसित हुआ। हम अबूझमाड़ से शुरू करके गोटल को वैकल्पिक शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव कर रहे हैं, जिसे बाद में अन्य गोंड गांवों में विकसित किया जा सकता है। ऐसे ही ग्राम शैक्षणिक संस्थानों को अन्य जनजातियों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है, जैसे कि उत्तरी छत्तीसगढ़ में उरांव जनजातियों में घुमकुड़िया।

जब भी मैं अबूझमाड़ में माओवादियों से मिलने गया तो गांव वालों ने मुझे अपने गोटुलों में ठहराया। मुझे नहीं पता कि घुमकड़िया आदि जीवित परंपराएं हैं या नहीं। माओवादी अबूझमाड़ में लड़कियों को गोटूलों में रात बिताने की अनुमति नहीं देते थे। मैंने उन्हें गीतों और नृत्यों के बीच चटाई बनाना, बांस की टोकरी बनाना आदि सीखते देखा। पिछले 40 वर्षों में उनके कई पारंपरिक गौतों में माओवादी रंग आ गया है। नए गोटुलों को सैटेलाइट ब्रॉडबैंड और सोलर तकनीक जैसे दोतरफा आधुनिक संचार साधनों से जोड़कर उत्कृष्ट कौशल विकास केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है।

IIIT नया रायपुर एक मानक गोंडी शब्दकोश विकसित करने पर काम कर रहा है जिस काम को मशीन अनुवाद उपकरण विकसित करने के लिए बढ़ाया जाना चाहिए। जो सभी NCERT/SCERT पुस्तकों का मानक गोंडी में अनुवाद कर सके। छत्तीसगढ़ सरकार वर्तमान में दो प्रकार की गोंडी पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित करती है, एक उत्तर बस्तर के लिए और एक दक्षिण के लिए। हिंदी में भी 48 बोलियाँ हैं लेकिन हिंदी में शिक्षा के लिए सरकार ने पहले एक मानक हिंदी विकसित की है। इसी तरह अब मानक गोंडी में शैक्षिक सामग्री विकसित की जानी चाहिए जिसे मोबाइल फोन से भेजा जा सके।

गोटुल केंद्र स्वास्थ्य और व्यवसाय के लिए दोतरफा संचार के रूप में भी काम कर सकता है। लोग अलग-अलग भाषाओं का उपयोग करके डॉक्टरों और खरीदारों से बात करने के लिए मशीन ट्रांसलेशन टूल का उपयोग कर सकते हैं। यह आदिवासी क्षेत्रों की सांस्कृतिक गतिविधियों और पारंपरिक स्वास्थ्य जान को दस्तावेज करने में भी मदद कर सकता है। आदिवासी अपने जैविक खाद्य उत्पाद बेच सकते हैं जो सबसे शुद्ध गुणवत्ता के होंगे क्योंकि उन भूमियों में कभी भी कीटनाशक और उर्वरक का उपयोग नहीं किया गया है और वे उत्पाद सबसे अधिक भुगतान वाले खरीदारों को बेच सकते हैं और दूर-दराज के स्थानों पर रोगियों को हर्बल औषधीय उत्पाद भी प्रदान कर सकते हैं।

गोटुल प्रत्येक आदिवासी घर में उत्पादित महुआ शराब के संग्रह केंद्र के रूप में भी काम कर सकता है जो कानूनी है और अगर छत्तीसगढ़ सरकार कानून में बदलाव करती है तो गोटुल अमूल की तरह किसानों के घरों से दूध इकट्ठा करने के प्रयोग का केंद्र बन सकता है। महुआ शराब दूर देशों में भी लोकप्रिय हो रही है। गोटुल की एक सहकारी समिति गोटुल में गोंडी मशीन ट्रांसलेशन टूल से जुड़े सैटेलाइट इंटरनेट द्वारा प्रदान की जाने वाली मार्केटिंग और तकनीकी सहायता के साथ महुआ और अन्य वन उपज से बने उत्पादों की आपूर्ति कर सकती है।

-लेखक, बीबीसी हिंदी के पूर्व संपादक

# लैंगिक विभेद की नई लकीर



बेंगलुरु मामला
डा. मोनिका शर्मा

अतुल के शब्द असल में शादीशुदा जिंदगी की दमघोटू परिस्थितियों से लेकर कानूनी व्यवस्था के रुख और करीबी रिश्तों में भी स्थान बना चुकी हद दर्जे की स्वार्थी सोच का लेखा जोखा हैं। कैसी विडम्बना है कि मौजूदा समय सबसे चर्चित क्षेत्र में कार्यरत एक आत्मनिर्भर युवा ने यह कहते हुए जिंदगी से मुंह मोड़ लिया कि उसके पास आत्महत्या के सिवा कोई उपाय नहीं बचा है। दुनिया से जा चुके युवा चेहरे ने उन लोगों को ख़ुदकुशी करने के लिए जिम्मेदार ठहराया है, जिनका साथ किसी भी तरह के बिखराव में संबल दे सकता था। ज्ञात हो कि अतुल ने पत्नी, सास, साले और चचेरे ससुर को अपनी जान देने की वजह बताते हुए न्यायिक व्यवस्था को भी कटघरे में खड़ा किया है।

बेंगलुरु में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र के इंजीनियर की आत्महत्या का मामला वैवाहिक सम्बन्धों की उलझन और क्षणिक आक्रोश के चलते जान दे देने की घटना भर नहीं है। 34 साल के अतुल सुभाष ने जीवन से हारने से पहले बाकायदा एक घंटे बीस मिनट का वीडियो और 24 पृष्ठों का पत्र लिखकर अपनी बातें कही हैं। अतुल ने समग्र समाज के लिए बहुत से प्रश्न भी छोड़े हैं। पारिवारिक व्यवस्था में उलझते मन-जीवन की हकीकत बयान की है। कानूनी और प्रशासनिक मोर्चे पर मौजूद खामियों को सामने रखा है। मौखिक हों या लिखित, अतुल के शब्द असल में शादीशुदा जिंदगी की दमघोटू परिस्थितियों से लेकर कानूनी व्यवस्था के रुख और करीबी रिश्तों में भी स्थान बना चुकी हद दर्जे की स्वार्थी सोच का लेखा जोखा हैं। कैसी विडम्बना है कि मौजूदा समय सबसे चर्चित क्षेत्र में कार्यरत एक आत्मनिर्भर युवा ने यह कहते हुए जिंदगी से मुंह मोड़ लिया कि उसके पास आत्महत्या के सिवा कोई उपाय नहीं बचा है।

दुनिया से जा चुके युवा चेहरे ने उन लोगों को ख़ुदकुशी करने के लिए जिम्मेदार ठहराया है, जिनका साथ किसी भी तरह के बिखराव में संबल दे सकता था। ज्ञात हो कि अतुल ने पत्नी, सास, साले और चचेरे ससुर को अपनी जान देने की वजह बताते हुए न्यायिक व्यवस्था को भी कटघरे में खड़ा किया है। उत्तर प्रदेश के जौनपुर की एक जज पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए पत्र में लिखा है कि मामले को रफा-दफा करने के लिए उससे 5 लाख रुपये मांगे गए। साथ ही यह भी लिख छोड़ा है कि पत्नी और सास ने आत्महत्या कर लेने को लेकर भी तानेबाजी की। हर ओर से निराश प्रतीत होते अतुल के कमरे से 'जस्टिस इज ड्यू' यानी 'न्याय बाकी है' लिखी एक तख्ती मिली। आत्महत्या की इस घटना का सबसे चिंतनीय पक्ष यह है कि दुनिया से जाने वाला इंसान एक सजग व्यक्ति था। देश की कानूनी व्यवस्था से लेकर अपने पीछे रह गए परिजनों की चिंता तक, बहुत कुछ उसकी बातों में शामिल है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम लिखे पत्र में देश की आपराधिक न्याय प्रणाली की खामियों और पुरुषों के विरुद्ध झूठे मामले दर्ज कराने के चलन की बात की है। अपनी पत्नी की ओर से दहेज प्रतिरोध कानून और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में स्वयं को निर्दोष बताते हुए न्यायालय से अनुरोध किया है कि इन झूठे मामलों में मेरे माता-पिता और भाई को परेशान करना बंद किया जाए।

बिखरे वैवाहिक संबंध को लेकर कहा है कि पत्नी को हर महीने 40 हजार रुपये संरक्षण राशि देता हूं, लेकिन अब बच्चे को पालने के लिए 2-4 लाख रुपये प्रतिमाह और मांगा जा रहा है। साथ ही मुझे मेरे बेटे से न तो मिलने दिया जाता है और न बात करने दिया जाता है। इतना ही नहीं, पत्नी ने इस मामले का निपटारा करने के लिए पहले 1 करोड़ रुपये और फिर 3 करोड़ रुपये की मांग की। इस मांग के विषय में पारिवारिक न्यायालय की जज को बताया तो उन्होंने भी पत्नी का साथ दिया। अब तक लगी 120 तारीखों में उसे उसके माता-पिता को कोर्ट के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। विचारणीय है कि बेंगलुरु की यह घटना हो या ऐसा ही कोई अन्य मामला। पुरुषों की मुश्किलों की सुनवाई कम ही होती है। खासकर भावनात्मक पक्ष को समझने का व्यवहार आज भी




नदारद है। वैवाहिक सम्बन्धों में बिखराव के बाद खेले जाने वाले आरोपों-प्रत्यारोपों के खेल में आज भी समाज पुरुषों को पीड़ित मानने को तैयार नहीं होता। कभी-कभी तो अपने ही परिवार का साथ और सहानुभूति भी नहीं मिलती। इतना ही नहीं, भारतीय कानून भी महिलाओं के पक्ष में ही हैं। ऐसे में कहीं सुनवाई न होने की स्थिति पुरुषों को भी मन की टूटन की ओर धकेलती है।

आम परिवार अब बेटों के वैवाहिक रिश्तों को लेकर भी डरे-सहमे से रहने लगे हैं। हालिया बरसों में हमारे यहां पुरुषों में आत्महत्या के बढ़ते आंकड़े निराशा, असहयोग और अकेलेपन के ऐसे ही हालातों से मिलवाते हैं, जो किसी विमर्श का हिस्सा नहीं बनते। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहंस) के मुताबिक 20 से 24 वर्ष की उम्र के वयस्कों में महिलाओं की तुलना में पुरुषों में आत्महत्या से जीवन गंवाने की संभावना पांच गुना अधिक है। द लैंसेट रीजनल हेल्थ की पिछले साल आई रिपोर्ट के अनुसार 2014 से 2021 के बीच भारतीय पुरुषों में आत्महत्या के मामलों में एक तिहाई से ज़्यादा की वृद्धि हुई है। 7 वर्षों के इन आंकड़ों में विवाहित पुरुषों के मामले में स्थिति और भी चिंतनीय रही। यह कटु सच है कि बीते कुछ बरसों में समाज में लैंगिक विभेद की नई लकीर खींच गई है। वैवाहिक दुष्कर्म, दहेज की मांग और घरेलू हिंसा जैसे कानूनों का सोची-समझी रणनीति के तहत हो रहा दुरुपयोग पारिवारिक बिखराव का कारण बन रहा है। आए दिन कानूनों के बेजा इस्तेमाल के वाकये सामने आ रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि समानता और सम्मान के मोर्चे पर महिलाओं को लेकर आया हर बदलाव सकारात्मक नहीं है। हम स्त्री-पुरुष एक भेद से परे मानवीय पहलुओं पर बराबरी का परिवेश नहीं बना पाये। स्त्रियों की सुरक्षा के लिए बने न्यायिक प्रावधानों के अनुचित इस्तेमाल से असंवेदशीलता, असहजता और असहयोगी बर्ताव के रूप में नई तरह का असंतुलन सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था का हिस्सा बनता जा रहा है। इसकी चर्चा न्यायिक निर्णयों में होती रही है। बीते दिनों कर्नाटक हाईकोर्ट ने पहले प्रेम और फिर 4 वर्ष तक करीबी मेल-जोल के बाद वैवाहिक रिश्ते में मात्र एक दिन साथ रहने वाली महिला की ओर से पति पर दुष्कर्म का केस लगाने पर मामले को कानून के दुरुपयोग का उदाहरण बताया था। कुछ समय पहले गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने भी एक निर्णय सुनाते हुए कहा था कि पति या पति के परिवार के सदस्यों के विरुद्ध आधारहीन आरोप लगाकर आपराधिक केस दर्ज करवाना भी क्रूरता के समान है। ऐसे में समझना आवश्यक है कि कामकाजी मुश्किलों के साथ ही घरेलू परिवेश में भी अब पुरुषों के लिए हालात सहज नहीं रहे। पुरुष वर्ग में भी निराशा और अवसाद जैसी समस्याएं बढ़ी हैं। वैवाहिक सम्बन्धों की उलझनें तो जीवन पर ही भारी पड़ रही हैं। मानसिक-मनोवैज्ञानिक मोर्चे पर पुरुषों की बिखरती मनोदशा को देखते हुए ही देश में राष्ट्रीय पुरुष आयोग बनाने को लेकर भी बहस छिड़ चुकी है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक भारतीय पुरुषों में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति के पीछे संबंधी परेशानियों के साथ पारिवारिक समस्याएं सबसे प्रमुख कारक हैं। ऐसे में स्त्री-पुरुष के भेद से परे सकारात्मक बदलाव ही परिवार का तानाबान सहेज सकेंगे। जीवनभर के साथ में निबाह न हो तो सहजता और संवेदनशीलता से अलगाव का मार्ग चुन लेना चाहिए। बता दें कि अतुल सुभाष ने 2019 में निकिता सिंघानिया से शादी की और दंपति का 4 साल का एक बेटा है। हालांकि, वैवाहिक विवाद इस हद तक बढ़ गए कि वे अलग रहने लगे। उनकी पत्नी ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर उनके खिलाफ नौ मामले दर्ज किए थे।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)


# जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित
दर्शन

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।

# स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### महंगाई के समाधान के लिए सरकार गंभीर नहीं

अगर देश में कोई भी खाने की चीज, वो भी गरीब से गरीब के लिए भी रोजमर्रा में प्रयोग होने वाली हो, महंगी हो जाए तो सरकारों को उसकी कीमत कम करने के उपाय प्राथमिक आधार पर करने चाहिए। विकास के वादे और दावे तब तक खोखले माने जा सकते हैं, जब तक देश में पैदा होने वाली चीजें महंगी होंगी। अब तो सरकारों को प्याज की बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए कुंभकर्णी नींद से जाग जाना चाहिए, क्योंकि कुछ राज्यों में इसकी कीमतें 100 रुपए के आसपास हो गई थी। वैसे प्याज की कीमतें इससे पहले भी बढ़ती थी और इस पर खूब राजनीति भी होती आई है। प्याज पर ही नहीं, बल्कि हर तरह की महंगाई को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़े जाते हैं, लेकिन महंगाई के समाधान के लिए किसी भी राजनीतिक पार्टी की सरकार ने आज तक गंभीरता नहीं दिखाई। – *संजय पाठक, रायगढ़*

## ट्रेंड

### सार-संग्रह जारी किया




महाकवि सुब्रमण्यम भारती की रचनाओं का एक सार-संग्रह जारी करने का गौरव प्राप्त हुआ। समृद्ध भारत और प्रत्येक व्यक्ति के सशक्तिकरण के लिए उनका दृष्टिकोण पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### विश्वास खो चुकी कांग्रेस



कांग्रेस पार्टी इंडी गठबंधन के अंदर पूरी तरह विश्वास खो चुकी है। बहुत साफ दिख गया है कि इंडी गठबंधन के अंदर कांग्रेस पर अविश्वास स्पष्ट रूप से दिख गया। शायद उसे कवर करने के लिए उपराष्ट्रपति के विरुद्ध यह प्रयास किया जा रहा है। जब से संसद का सत्र शुरू हुआ है
-डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, भाजपा प्रवक्ता

### भारत में निर्माण करें



चीन, अमेरिका और जर्मनी ही ऐसे 3 देश हैं जिनका निर्यात प्रति वर्ष 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है। मैं आशावादी हूं कि 2030 तक भारत चौथे स्थान पर होगा। आइए भारत में विश्व के लिए निर्माण करें।
-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### ज्ञान का विकेंद्रीकरण



सबसे उन्नत ज्ञान-विज्ञान पर हमेशा चंद देश और व्यक्ति अपना आधिपत्य जमाए रहते हैं। दुनिया में न्याय, शांति, समानता और स्थायित्व के लिए ज्ञान का विकेंद्रीकरण, सार्वभौमिकरण और लोकतंत्रीकरण करना आवश्यक है।
-कैलाश सत्यार्थी, बाल अधिकार कार्यकर्ता

## करंट अफेयर

# उत्तरी गाजा में दो माह से नहीं पहुंच रही सहायता : संरा



संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि उत्तरी गाजा में पिछले 66 दिनों से व्यापक पैमाने पर मानवीय सहायता नहीं पहुंच पा रही है। इजराइल ने छह अक्टूबर को उत्तरी गाजा में जमीनी कार्रवाई प्रांरभ की थी और इसके बाद से 65 हजार से 75 हजार फलस्तीनी नागरिक भोजन, पानी, बिजली तथा स्वास्थ्य सेवा की पहुंच से वंचित हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचओ) ने मंगलवार को कहा कि उत्तरी गाजा में इजराइल ने बेत लाहिया, बेत हनून और जबालिया पर अपनी घेराबंदी जारी रखी है और वहां रहने वाले फलस्तीनियों को सहायता से वंचित रखा है। ओसीएचओ ने साथ ही कहा कि इजराइल ने बेत लाहिया के तीन स्कूलों से लगभग 5,500 लोगों को जबरन गाजा सिटी भेजा है। ओसीएचए ने कहा कि खाद्य संकट गहरा गया है तथा वर्तमान में गाजा पट्टी में संयुक्त राष्ट्र समर्थित केवल चार 'बेकरी' ही संचालित हो रही हैं। गाजा के लिए संयुक्त राष्ट्र की वरिष्ठ मानवीय और पुनर्निर्माण समन्वयक सिग्रिड काग ने मंगलवार दोपहर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को जानकारी देने के बाद बताया कि गाजा में लोग भीषण परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं।

## ऑफ बीट

# एक्जिमा में ब्लीच स्नान है एक सामान्य उपचार

ब्लीच को डायल्यूट करके उससे स्नान करना एक सामान्य उपचार है जिसका उपयोग डॉक्टर और नर्स अधिक गंभीर एक्जिमा वाले रोगियों के लिए करते हैं।



यहां यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि वे अन्य उपचारों को प्रतिस्थापित नहीं कर सकते हैं और यह स्नान सभी के लिए उपयुक्त भी नहीं हो सकते हैं। इस उपचार का उपयोग केवल त्वचा विशेषज्ञ या डॉक्टर के मार्गदर्शन में ही किया जाना चाहिए, जो सलाह दे सकता है कि क्या यह उचित है और व्यक्ति की स्थिति के अनुरूप ब्लीच को पानी मिलाकर पतला कर सकता है। तो यह कुछ एक्जिमा पीड़ितों के लिए क्यों और कैसे काम करता है। जब एक्जिमा बहुत सक्रिय होता है, तो त्वचा तरल पदार्थ से भर जाती है। बैक्टीरिया इस प्रकार के एक्जिमा में बसना और इसे संक्रमित करना पसंद करते हैं। इस प्रक्रिया को 'इम्पेटिगिनेशन' के रूप में जाना जाता है। जब यह प्रक्रिया एक्जिमा के बिना होती है, तो इसे इम्पेटिगो कहा जाता है। पानी और सोडियम हाइपोक्लोराइट (दूसरे शब्दों में, ब्लीच) का घोल कीटाणुओं को तेजी से मार देगा। और हम घावों पर किए गए अध्ययनों से जानते हैं कि घाव को साधारण रूप से धोने से बैक्टीरिया की संख्या कम हो जाती है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# नक्सलियों के ब्लास्ट की साजिश नाकाम



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में थाना अंडा के 11 दिसंबर के 12 बजे दोपहर को धीरज राइस मिल के पास अज्ञात पुरुष उम्र करीब 50 वर्ष का शव मिला है। पुलिस उसकी शिनाख्त में जुटी है। पुलिस के अनुसार मृतक के बाल दाढ़ी मूंछ सफेद अधपका बड़ा-बड़ा ,रंग गेंहुआ, लाल फूल चेकदार स्वेटर तथा काला रंग का लोअर पहना है। पेट के नीचे भाग में ऑपरेशन का पुराना छोटा चिन्ह दिख रहा है। दांत पूरे सफेद हैं। पुलिस ने जानकारी होने पर सूचना देने की अपील की है।

# 23 लाख रुपए का गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



पुलिस ने जिले की सीमावर्ती क्षेत्र सिंघोड़ा में करीब डेढ़ सौ किलो गांजा जब्त किया। जब्त गांजे की कीमत लगभग 23 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी ओडिशा से गांजा खरीदकर उत्तरप्रदेश खपाने ले जा रहे थे, तभी वे पुलिस के हत्थे चढ़ गए। स्थानीय पुलिस ने फिलहाल इस मामले में कुछ भी बताने से इंकार कर दिया है। बता दें कि यह कार्रवाई एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स व सिंघोड़ा पुलिस ने की है। साल के अंतिम माह में यह गांजा तस्करी के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। हाल ही में खल्लारी पुलिस ने 29 किलो गांजे के साथ दो को गिरफ्तार किया था। जिसे वे रायपुर के गोकुल नगर टिकरापारा निवासी नसीम मोहम्मद उर्फ इरफान को सप्लाई करने वाले थे। बता दें कि इस वर्ष जनवरी से 8 दिसंबर तक की स्थिति में गांजा के 116 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिनमें 210 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं अफीम में दो और नशीली दवाईयों की तस्करी मामले में 3 मामले दर्ज हुए हैं। जिले में इस वर्ष अब तक 5 हजार 412 किलो गांजा जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 18 करोड़ 59 लाख 13 हजार 210 रुपए आंकी गई है।

# धीरज राइस मिल के पास अज्ञात वृद्ध का शव मिला



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में थाना अंडा के 11 दिसंबर के 12 बजे दोपहर को धीरज राइस मिल के पास अज्ञात पुरुष उम्र करीब 50 वर्ष का शव मिला है। पुलिस उसकी शिनाख्त में जुटी है। पुलिस के अनुसार मृतक के बाल दाढ़ी मूंछ सफेद अधपका बड़ा-बड़ा ,रंग गेंहुआ, लाल फूल चेकदार स्वेटर तथा काला रंग का लोअर पहना है। पेट के नीचे भाग में ऑपरेशन का पुराना छोटा चिन्ह दिख रहा है। दांत पूरे सफेद हैं। पुलिस ने जानकारी होने पर सूचना देने की अपील की है।

# मृत व्यक्ति को जीवित बताकर नामांतरण कोर्ट के आदेश से 6 लोगों पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि कुमार महोबिया के कोर्ट ने दिया आदेश

मृत व्यक्ति को जिंदा बताकर उनकी कातुलबोड़ स्थित 0.0490 हेक्टेयर जमीन हथियाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में विचारण के बाद कोर्ट ने मोहम्मद तस्कीम, परवीन बानो, नकली चरणदास, निखल और दानपत्र के गवाह सहित 6 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, सरकारी दस्तावेजों में छेड़छाड़, कूटरचना और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के आरोप में अपराध दर्ज करने आदेश किया है। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि कुमार महोबिया के न्यायालय से यह आदेश जारी हुआ है। कोर्ट ने पुलिस को आदेशित किया कि वह अपराध दर्ज कर मामले में जांच कर चालान प्रस्तुत करे।

प्रकरण के मुताबिक टाउनशिप भिलाई निवासी पुरुषोत्तम गोंसाई ने अधिवक्ता अभिषेक वैष्णव के माध्यम से कोर्ट में परिवाद दायर किया। उन्होंने कहा कि उनके पिता चरणलाल ने 10 मार्च 1980 में कातुलबोड़ में जमीन खरीदी थी। उनके पिता बीएसपी में सेवारत थे, जिनका 1 जुलाई 2013 को निधन हो गया। उनके निधन के बाद वारिसान में मां ढुल कुंवर बाई के अलावा वे खुद पुरुषोत्तम, भाई नरेंद्र और बहन आभा थे। उन्होंने नामांतरण के लिए पटवारी कार्यालय पहुंचकर जानकारी चाही, तो उन्हें पता चला कि उनकी जमीन को फर्जी तरीके से दानपत्र के आधार पर हस्तांतरण की कोशिश की जा रही है। इसके लिए चरण दास को जिंदा बताकर नकली व्यक्ति को राजस्व विभाग में खड़ा किया गया। इस कार्य में मोहम्मद तस्कीम, परवीन बेगम, निखिल और सहित दस्तावेजों में गवाही देने वाले शामिल थे।कोर्ट में प्रस्तुत याचिका के विचारण के बात लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया सही पाया गया, जिसके आधार पर कोर्ट ने अपराध दर्ज करने का आदेश दिया।








अव्यवस्थित जीवनशैली और अनियंत्रित खान-पान की वजह से इन दिनों अनेक लोग डायबिटीज से ग्रस्त हो रहे हैं। इससे बचाव और ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए आप नियमित योगाभ्यास कर सकते हैं। इस बारे में विस्तार से जानिए।

## ब्लड शुगर रहेगा कंट्रोल
# रोजाना करें ये योगासन

योगोपचार

आचार्य कौशल किशोर
योग विशेषज्ञ

मधुमेह या डायबिटीज की बीमारी अब केवल वृद्धावस्था के ही नहीं हर उम्र के लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। इसमें शरीर के ब्लड में शुगर का लेवल निश्चित मात्रा से अधिक हो जाता है। इस बीमारी को नियंत्रित करने के लिए अपने खान-पान और सही जीवनशैली पर तो ध्यान देना जरूरी है ही। इसके अलावा अपने दैनिक जीवन में योगासन को अपनाकर भी इस बीमारी को नियंत्रित कर सकते हैं। योगासन ना केवल ब्लड शुगर को कंट्रोल करता है, इससे हमारे शरीर के साथ-साथ मन को भी बहुत लाभ होते हैं। यहां हम आपको ऐसे ही लाभकारी योगासनों के बारे में बता रहे हैं।

### मंडूक आसन

इसे फ्रॉग पोज भी कहते हैं। इसे करने के लिए सबसे पहले योगा मैट बिछाकर उस पर घुटने



के बल बैठ जाएं। इसमें नितंब दोनों पैर की एड़ियों के बीच होना चाहिए। अब अपने दोनों हाथों की मुट्ठियों को अच्छी तरह से बंद कर उन्हें नाभि पर रख लें। इसके बाद सांस बाहर निकालते हुए धड़ को आगे की ओर झुकाएं। आसानी से आप जितना आगे झुका सकते हैं, उतना झुक जाएं। झुकने के बाद अपने सिर को ऊपर की ओर रखें। इस स्थिति में अपनी सांस को सामान्य रखते हुए आरामदायक समय तक रुकें। वापस पूर्व स्थिति में आते समय सांस को अंदर लेते हुए वापस आ जाएं। इसे करने से पैनक्रिएज ग्लैंड की कार्यक्षमता सुधरती है। इससे इंसुलिन पर्याप्त मात्रा में स्रावित होता है इससे ब्लड में शुगर की मात्रा कंट्रोल रहती है।

### कपालभाति प्राणायाम

कपालभाति प्राणायाम को करने के लिए योगा मैट पर सुखासन या सामान्य पालथी मारकर बैठ जाएं। इस दौरान रीढ़, गले और अपने सिर को सीधा रखें। आंखों को आराम से बंद कर



पूरी तरह रिलैक्स हो जाएं। किसी भी प्रकार का तनाव ना रखें। हाथों को अपने घुटनों पर रख लें। अब अपनी दाईं नाक को दाएं अंगूठे से बंदकर बाईं नाक से सामान्य गति से सांस अंदर खींचें और उसी नाक से हल्के झटके के साथ सांस को बाहर निकाल दें। फिर इसी तरह दूसरे नाक से भी दोहराएं। इस तरह यह प्रक्रिया दोनों नाकों से कम से कम 25 बार कर लें। यह कपालभाति प्राणायाम का एक चक्र होगा। शुरू में एक से दो सप्ताह तक इसके एक चक्र का अभ्यास करें। धीरे-धीरे अभ्यास में चक्रों की संख्या अपनी सुविधानुसार बढ़ाते जाएं।

### ध्यान

डायबिटीज की समस्या अधिकतर उन लोगों को होती है, जो अत्यधिक तनाव लेते हैं। इस तनाव को दूर करने के लिए ध्यान सबसे कारगर उपाय है। ध्यान को करने के लिए आप किसी भी सहज आसन में सीधे होकर बैठ जाएं। अपने हाथों को घुटनों पर रख लें। आंखों को आराम से बंद कर, चेहरे की मसल्स को खूब ढीला और सहज छोड़ दें। अब अपने मन को सांस के आने-जाने पर एकाग्र करें। अगर मन इधर-उधर भागता है



तो वापस सांस पर लाने का प्रयास करें। इससे आपका तनाव, भय, बेचैनी और व्यग्रता कम हो जाएगी। इससे पैनक्रिएज ग्लैंड की कार्यक्षमता में सुधार होगा।

**रखें ध्यान:** जिन लोगों को हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारी या किसी अन्य गंभीर रोग की शिकायत है, वे किसी अनुभवी योगाचार्य की देख-रेख में ही किसी आसन का अभ्यास करें। *

**प्रस्तुति: संध्या रानी**

अवेयरनेस

डॉ. माजिद अलीम

यह हम सभी जानते हैं कि किडनी हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। लेकिन इसे हेल्दी रखने के लिए जरूरी सावधानियां नहीं अपनाते, लापरवाही बरतते हैं। इससे किडनी प्रॉब्लम्स के साथ ही कई अन्य समस्याएं पैदा होने लगती हैं। ऐसे में किडनी डिजीजेज से बचाव के लिए हमें अपनी लाइफस्टाइल, डाइट के साथ कई अन्य बातों का ध्यान रखना चाहिए।

## बढ़ रही हैं किडनी प्रॉब्लम्स
# बरतें प्रिकॉशन-करें बचाव







किडनी या गुर्दा शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। यह खून से विषाक्त पदार्थों को निकालने, शरीर के गैरजरूरी तरल को छानने, रक्तचाप को नियंत्रित करने और इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखने का काम करता है।

### क्या कहते हैं आंकड़े

'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज' (जीबीडी), जो कि वैश्विक स्तर पर बीमारियों, चोटों और जोखिम कारकों से होने वाली मौतों और विकलांगता का आकलन करने वाला एक रिसर्च कार्यक्रम है, जो कि दुनियाभर के 160 से ज्यादा देशों के 12,000 से ज्यादा शोधकर्ताओं के सहयोग से पूरा किया जाता है। इसके 2015 में किए गए एक अध्ययन के मुताबिक वैश्विक स्तर पर मौतों के कारणों में क्रॉनिक किडनी रोग को 17वां स्थान हासिल है। हर साल दुनिया की प्रति 1,00,000 जनसंख्या पर 19.2 मौतें किडनी फेलियर के चलते होती हैं। कई देशों में क्रॉनिक किडनी रोग, मृत्यु के शीर्ष पांच कारणों में से एक है, जबकि भारत में जीबीडी 2015 के मुताबिक हर आठवीं मौत का कारण किडनी फेलियर था। लेकिन लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में, भारत में गुर्दे की विफलता के कारण होने वाली मौतों की संख्या पर जो डेटा प्रस्तुत किया गया, उसमें साफ पता चलता है कि 2010 से 2013 के बीच 15 से 69 वर्ष समूह में होने वाली सभी मौतों में से करीब 3.04 प्रतिशत का कारण किडनी का फेलियर था, जो 2001-03 के मुकाबले 50 प्रतिशत ज्यादा था। भारत में किडनी फेलियर से होने वाली मौतों का सबसे बड़ा कारण मधुमेह है, साथ ही यह भी पाया गया कि किडनी की विफलता से होने वाली मृत्युदर में देश के अलग-अलग हिस्सों में काफी अंतर था। मसलन ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज के निष्कर्षों में आंध्र प्रदेश, मध्य ओडिशा, पुडुचेरी और महाराष्ट्र को गुर्दे की बीमारी के लिए 'हॉट स्पॉट' माना गया है, लेकिन किसी दूसरे स्वतंत्र अध्ययन से इसकी पुष्टि नहीं हुई।

### किडनी प्रॉब्लम के इफेक्ट्स

आल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत की कुल आबादी में से करीब 10 फीसदी लोग किडनी की विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिसमें से 7 प्रतिशत लोगों की किडनी खराब होने की वजह पेन किलर का सेवन है। चूंकि किडनी शरीर के कई महत्वपूर्ण कार्यों में योगदान देती है, जिनमें हड्डियों का स्वास्थ्य, रक्त निर्माण और हार्मोन संतुलन भी शामिल हैं। ऐसे में अगर किडनी ठीक से काम नहीं करती, तो शरीर में विषाक्त पदार्थ इकट्ठे होने लगते हैं, जिससे जल्द ही कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं, जैसे किडनी फेल्योर, हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट संबंधी समस्याएं।

### किडनी प्रॉब्लम्स की वजहें

हमारी किडनी के स्वास्थ्य का सीधा रिश्ता हमारी लाइफस्टाइल से है। खराब खान-पान, धूम्रपान, अत्यधिक शराब पीना, एक्सरसाइज ना करना और अत्यधिक दवाइयों का सेवन जैसी हमारी आदतें, किडनी प्रॉब्लम्स और फेलियर के लिए आमतौर पर जिम्मेदार होती हैं। हाई ब्लड शुगर या ब्लड प्रेशर जैसी स्थितियां भी किडनी को प्रभावित करती हैं। वास्तव में भारत में बढ़ते डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मामलों ने किडनी फेलियर के खतरे को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है।

### अवेयर होना है जरूरी

अनेक वजहों के चलते, भारत में किडनी रोग एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या बनता जा रहा है। हर साल लगभग दो लाख से ज्यादा लोग किडनी फेल्योर का शिकार होते हैं, जबकि देश में डायलिसिस और ट्रांसप्लांटेशन की सुविधाएं सीमित हैं। कई दूसरी खतरनाक बीमारियों की तरह किडनी संबंधित बीमारियां भी आमतौर पर तब तक पहचान में नहीं आतीं, जब तक कि उनकी स्थिति गंभीर ना हो जाए, जिससे उनकी समय पर रोकथाम और इलाज कठिन हो जाता है।

### बचाव के उपाय

किडनी रोगों से बचाव के लिए ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर को हमेशा नियंत्रित रखें, क्योंकि हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज, किडनी फेलियर के प्रमुख कारण हैं। इसलिए जरूरी है कि नियमित रूप से ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच कराएं और डॉक्टर द्वारा सुझाए गए आहार और दवाओं का पालन करें।

धूम्रपान और अत्यधिक शराब का सेवन किडनी को नुकसान पहुंचाता है। ज्यादा शराब पीने और धूम्रपान करने से किडनी में रक्त संचार प्रभावित होता है, नतीजतन शरीर के विषाक्त पदार्थ ठीक से निकल नहीं पाते। किडनी सही रखनी है तो वजन को नियंत्रित रखें। क्योंकि मोटापा भी किडनी रोगों का एक बड़ा कारण है। नियमित रूप से व्यायाम करना और सक्रिय रहना



जरूरी है। वजन नियंत्रण से रक्तचाप और शुगर लेवल भी नियंत्रित रहता है, इससे किडनी पर दबाव कम पड़ता है।

बिना डॉक्टर के परामर्श के कभी भी दवाइयों का सेवन ना करें। पेन किलर तो अपने मन से कभी ना लें। दर्द निवारक दवाओं का अत्यधिक सेवन तथा बिना डॉक्टर की सलाह एंटीबायोटिक्स का सेवन किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। *



### कैसे रखें किडनी को हेल्दी

किडनी को स्वस्थ रखने का आसान तरीका है कि हम अपने खान-पान को संतुलित रखें। इसके लिए हमारे दैनिक आहार में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा की संतुलित मात्रा होनी चाहिए। अत्यधिक तला-भुना, प्रोसेस्ड फूड और ज्यादा नमक के सेवन से बचना चाहिए, क्योंकि ये सब किडनी पर दबाव डालते हैं। फलों, सब्जियों और साबुत अनाजों को हमें अपने दैनिक आहार में ज्यादा से ज्यादा शामिल करना चाहिए। शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने के लिए पर्याप्त मात्रा में साफ पानी पीना आवश्यक है। हालांकि जरूरत से ज्यादा पानी पीने के भी नुकसान हैं, इसलिए अपनी शारीरिक आवश्यकताओं के अनुसार ही पानी पीएं। नियमित किडनी चेकअप भी जरूरी है। विशेषकर अगर परिवार में किडनी रोग का इतिहास है, तब तो नियमित ही जांच करवाएं। इससे शुरुआती स्तर पर समस्या का पता चल सकता है और समय पर इलाज संभव हो सकता है। अगर इन सावधानियों को अपनाएं तो हम अपनी किडनी को स्वस्थ रख सकते हैं और इससे जुड़ी बीमारियों के जोखिम को कम कर सकते हैं।

हेल्थ स्टडी

## मोटापे-डायबिटीज से बढ़ सकता है
# दोबारा लिवर कैंसर होने का रिस्क

आज के दौर में कैंसर के बढ़ते मामले लोगों के लिए चिंता के विषय बने हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार लिवर कैंसर, दुनिया भर में होने वाला छठा सबसे कॉमन कैंसर है। चिंताजनक बात यह है कि एक स्टडी में यह फैक्ट सामने आया है कि शुगर और मोटापा, लिवर कैंसर को दोबारा उभार सकता है। यानी जो पेशेंट लिवर कैंसर से एक बार उबर चुका है, उसे डायबिटीज और मोटापे की वजह से दोबारा यह कैंसर हो सकता है। जापान स्थित ओसाका मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी द्वारा हिपेटोसेल्यूलर कार्सिनोमा यानी एचसीसी पर शोध किया गया। यह हिपेटाइटिस संक्रमण से जुड़ा एक प्रकार का लिवर कैंसर है और वैश्विक स्तर पर कैंसर से संबंधित मौत का तीसरा प्रमुख कारण है। मोटापा और डायबिटीज, मेटाबॉलिक सिंड्रोम से जुड़े रोग हैं, जो लिवर डिजीज को बढ़ावा देते हैं, जिससे लिवर सिरोसिस और हिपेटोसेल्यूलर कार्सिनोमा हो सकता है। यूनिवर्सिटी के ग्रेजुएट स्कूल ऑफ मेडिसिन के डॉक्टर हिरोजी शिंकावा की रिसर्च टीम ने इस बारे में बताया कि हिपेटोसेल्यूलर कार्सिनोमा में मोटापे और शुगर के साथ देरी से ही सही लेकिन इसके रिपीट होने का रिस्क अधिक होता है। इससे बचने के लिए मोटापे और शुगर को नियंत्रित करना जरूरी है। कैंसर से जुड़ी पत्रिका लिवर कैंसर में प्रकाशित स्टडी में टीम ने हिपेटोसेल्यूलर



कार्सिनोमा के उन 1,644 रोगियों का एनालिसिस किया, जिनकी लिवर सर्जरी हुई थी। शोध के आधार पर जानने की कोशिश की गई कि शुगर, मोटापे और कैंसर के पोस्ट ऑपरेटिव परिणामों के बीच क्या संबंध है? परिणामों से पता चला कि ऑपरेशन के दो साल बाद मोटापे की पुनरावृत्ति का खतरा लगभग डेढ़ गुना बढ़ गया था और शुगर के मामले में यह जोखिम 1.3 गुना अधिक था।

स्टडी में यह भी पता चला कि मोटापे से जूझ रहे मरीजों का ऑपरेशन के पांच साल बाद दोबारा कैंसर होने का जोखिम 3.8 गुना अधिक था, जबकि शुगर के साथ कैंसर होने का यह रिस्क दोगुना अधिक था। रिसर्चर डॉक्टर शिंकावा ने कहा कि यह रिसर्च कैंसर के रिपीटेशन का शीघ्र पता लगाने और उचित उपचार की ओर बढ़ने में मदद कर सकता है। डॉक्टर शिंकावा कहते हैं कि मोटापे से ही टाइप-2 डायबिटीज की बीमारी होती है। यह दोनों स्थितियां अकसर आपस में जुड़ी रहती हैं। ऐसे में लिवर कैंसर के रिपीटिशन को रोकने के लिए डायबिटीज और मोटापे पर कंट्रोल जरूरी है। *

**प्रस्तुति: अजेश कुमार**

ट्रीटमेंट

रेखा देशराज

## पेन मैनेजमेंट के लिए
# परफेक्ट फिजियोथेरेपी



हाल के वर्षों में डिजिटल लाइफ के बढ़ते चलन की वजह से मिड और यंग एज के लोगों में बॉडी और ज्वाइंट पेन की समस्या काफी बढ़ गई है। इस पेन को मैनेज करने के लिए पेन किलर या अन्य महंगे ट्रीटमेंट के बजाय फिजियोथेरेपी बहुत ईजी, चीप और इफेक्टिव मैथड है।

दर्द को हम देख नहीं सकते केवल इसे महसूस कर सकते हैं। पहले दर्द को लेकर इस तरह की सोच हुआ करती थी कि इससे छुटकारा पाना शायद संभव नहीं है। लेकिन उन्नत हुई मेडिकल सुविधाओं की वजह से आज दर्द को आसानी से मैनेज किया जा सकता है। लेकिन हाल के दशकों में लोगों ने तब एक बड़ी समस्या महसूस की, जब दर्द को दवाओं से मैनेज करने का नतीजा कई तरह के साइड इफेक्ट्स के रूप में सामने आने लगा। यही कारण है कि इन दिनों पूरी दुनिया में फिजियोथेरेपी को दर्द के सबसे कारगर उपचार के रूप में मान्यता मिल रही है।

**बढ़ रहा है लोगों का भरोसा:** आज की अत्यधिक व्यस्त जीवनशैली में दर्द हममें से अधिकांश लोगों की कॉमन समस्या बन गई है, क्योंकि काम-काज में बढ़ती मशीनी और तकनीकी सुविधाओं के कारण, दिन के ज्यादातर समय जबरदस्त तरीके से व्यस्त रहते हुए भी शारीरिक रूप से हमारी गतिविधियां सुस्त या स्थिर किस्म की होती हैं। इसलिए बिना नियमित रूप से एक्सरसाइज किए, शरीर को जरूरी सक्रियता या मोबिलिटी नहीं मिलती है। इस कारण आज की तारीख में ज्यादातर लोग शरीर के किसी ना किसी हिस्से के दर्द से अकसर पीड़ित रहते हैं। ऐसे में इस दर्द से बचने के लिए अगर वे ज्यादा से ज्यादा दवाओं पर निर्भर रहते हैं, तो इसके कई तरह के साइड इफेक्ट्स परेशान करते हैं। जबकि फिजियोथेरेपी, दर्द से मुक्ति पाने का एक ऐसा पैरामेडिकल तरीका है, जिसमें दवाओं का या तो बिल्कुल इस्तेमाल नहीं होता या बहुत मामूली ही होता है। इस कारण फिजियोथेरेपी से हम कई तरह के साइड इफेक्ट्स से बचे रहते हैं। यही कारण है कि आज पूरी दुनिया में खासकर मॉडर्न कंप्यूटर बेस्ड लाइफस्टाइल से घिरे युवा, शरीर के विभिन्न किस्म के दर्दों से राहत पाने के लिए दवाओं से ज्यादा फिजियोथेरेपी पर भरोसा करने लगे हैं।

**फिजियोथेरेपी की इंपॉर्टेंस:** अगर आपके शरीर के किसी भी हिस्से में लगातार दर्द हो रहा है, तो सवाल है फिजियोथेरेपी क्यों चुननी चाहिए? इसकी पहली वजह तो यह है कि फिजियोथेरेपिस्ट दर्द को प्रबंधित करने में बेहतरीन ढंग से प्रशिक्षित होते हैं। यही कारण है कि उन्हें मूवमेंट डिसऑर्डर के इलाज में विशेषज्ञ माना जाता है। वे हमें दर्द से छुटकारा दिलाने और इसे अच्छी तरह से मैनेज करने का सबसे वैज्ञानिक और शरीर के अनुकूल तरीका सिखाते हैं। इसमें शारीरिक व्यायाम को बेहद वैज्ञानिक तरीका प्रदान किया जाता है, जो उपचार का प्रभावी जरिया बन जाता है।

फिजियोथेरेपिस्ट आपकी चोट का, आपकी दर्द की स्थिति को गहराई से समझकर आपके व्यक्तिगत शरीर के अनुरूप रिकवरी तरीका सुझाते हैं। जबकि मेडिसिनल ट्रीटमेंट में दवा के सैद्धांतिक रूप और उसके गुणों पर ध्यान दिया जाता है। फिजियोथेरेपी में किसी अन्य की बजाय आप खुद अपने उपचारक होते हैं। फिजियोथेरेपिस्ट तो एक तरह का निर्देश देता है और आप अपने शरीर की अनुकूल सहनशक्ति के मुताबिक उसका पालन करते हैं। फिजियोथेरेपिस्ट को दरअसल, दर्द नहीं बल्कि दर्द पैदा करने वाली स्थितियों का इलाज करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। यही वजह है कि खेल की चोटें, गठिया का दर्द, पीठ का दर्द, सिर दर्द, सर्वाइकल या और कई तरह के पुराने और लंबे समय से चले आ रहे दर्दों से निवारण फिजियोथेरेपिस्ट दिला पाते हैं। वे आपको यह भी सिखाते हैं कि कैसे दर्द की स्थितियों का प्रबंधन किया जाए। इसलिए फिजियोथेरेपी के चलते दर्द से छुटकारा पाना आसान होता है। *

हर्बल जोन

रेखा

मूल रूप से समुद्र में पाए जाने वाले प्रवाल (मूंगे) के पावडर से तैयार प्रवाल पिष्टी का अत्यधिक औषधीय महत्व है। यह अनेक रोगों में कारगर है। लेकिन इसका सेवन आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह से ही करना चाहिए।

## इम्यूनिटी-एनर्जी का स्रोत
# खनिज औषधि प्रवाल पिष्टी



शरीर में कैल्शियम की कमी, कमजोरी, सूखी खांसी, लगातार रहने वाला सिरदर्द, गैस, जलन, पाचन तंत्र की समस्याओं, पित्त विकार, मासिक धर्म में अनियमितता, शरीर में ऊर्जा और इम्यूनिटी बढ़ाने का अचूक स्रोत खनिज औषधि प्रवाल पिष्टी को माना जाता है। हालांकि प्रवाल पिष्टी जड़ी बूटी नहीं है, यह मूंगे के चूर्ण से बनी खनिज औषधि है। लेकिन आयुर्वेद में इसका इतना ज्यादा इस्तेमाल होता है कि लोग इसे भी एक जड़ी बूटी ही समझ लेते हैं। जबकि प्रवाल पिष्टी प्रवाल या कोरल की भस्म या उसका बारीक पावडर होता है।

**क्या होता है प्रवाल:** प्रवाल पिष्टी, जैसा कि नाम से स्पष्ट है, यह प्रवाल या मूंगे से बनाई जाती है। मूंगे को शुद्ध करके गुलाबजल में पीसकर इसका महीन पावडर तैयार किया जाता है। इसमें प्राकृतिक कैल्शियम भरपूर मात्रा में होता है। वास्तव में प्रवाल प्राकृतिक कैल्शियम का ही एक स्रोत है। यह आमतौर पर समुद्रतल पर जड़ जमा लेता है।

**कई समस्याओं में उपयोगी:** प्रवाल पिष्टी में शरीर को ठंडक प्रदान करने का अद्भुत गुण होता है। यह एसिडिटी, हड्डियों की कमजोरी और हार्मोनल असंतुलन को ठीक करने में उपयोगी भूमिका निभाती है। आयुर्वेद में प्रवाल पिष्टी का सर्वाधिक इस्तेमाल हड्डियों को मजबूती देने, पाचनतंत्र संबंधी समस्याओं को खत्म करने और उच्च पित्त रोगों से छुटकारा दिलाने में किया जाता है।

**आसानी से उपलब्ध:** यह करीब-करीब सभी आयुर्वेदिक स्टोर में मिल जाती है। अगर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से आपको इसे मांगाना है तो कई शॉपिंग वेबसाइटों से खरीद सकते हैं। इसे जब भी खरीदें, विश्वसनीय दुकान से या ब्रांडेड कंपनी से ही लें। जहां तक इसकी कीमत की बात है तो 5 ग्राम प्रवाल पिष्टी 150 रुपए से 500 रुपए के बीच मिलती है। माना जाता है कि इसकी कीमत इसके ब्रांड और इसकी गुणवत्ता पर निर्भर होती है। जब इसे किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या आयुर्वेदिक औषधि की दुकान से खरीदें तो उन्हें स्पष्ट बताएं कि आपको चिकित्सीय उपयोग के लिए चाहिए, क्योंकि इसके कई उत्पाद गैर चिकित्सकीय भी होते हैं। इसे खरीदते समय इस बात का भी ध्यान रखें कि हमेशा सही और ताजा उत्पाद ही खरीदें। एक्सपाइरी डेट की प्रवाल पिष्टी, फायदे की जगह नुकसान भी कर सकती है।

**विशेषज्ञ से लें सलाह:** यूं तो प्रवाल पिष्टी का भारतीय समाज में सदियों से इस्तेमाल होता रहा है। लेकिन सुरक्षित तरीका यही है कि इसका उपयोग बिना आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह के ना करें। किसी योग्य आयुर्वेदिक चिकित्सक या विशेषज्ञ से सलाह लेकर ही इसका उपयोग करें, वही आपके लिए इसकी उपयुक्त खुराक भी तय करेंगे। क्योंकि हर व्यक्ति की शारीरिक स्थिति, उसकी समस्या और समस्या के स्तर के अनुसार प्रवाल पिष्टी की दी जाने वाली खुराक तय की जाती है। इसे जिन चीजों के साथ लिया जाता है, उसमें आमतौर पर गुलकंद, शहद, दूध या अन्य पदार्थ होते हैं, जो आपको सलाह देने वाला विशेषज्ञ तय करता है। इसे इसलिए भी एक्सपर्ट की सलाह से उपयोग करना चाहिए, क्योंकि यदि इसकी खुराक असंतुलित हो गई, तो इसके कई नुकसान हो सकते हैं। *





# ‘सूर्या 45’ में विजय बनेंगे खलनायक

**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार सूर्या की 45वीं फिल्म का आधिकारिक ऐलान हो चुका है। निर्माताओं ने ‘सूर्या 45’ का पोस्टर जारी करते हुए जानकारी दी थी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान आर बालाजी संभालेंगे। अभिनेता विजय सेतुपति के साथ प्रतिपक्षी की भूमिका निभाने के लिए चर्चा चल रही है। क्या मास्टर अभिनेता एक बार फिर खलनायक की भूमिका निभाएंगे और सूर्या के साथ अभिनय करेंगे? केवल आधिकारिक घोषणा ही इसका खुलासा करेगी। दर्शक पहले ही विजय का खतरनाक अवतार देख चुके हैं, जिन्होंने ‘मास्टर’, ‘विक्रम’ और ‘विक्रम वेधा’ जैसी फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई है।

## लाइफ Style

# अंजलि

## ‘आए हाए’ पर किया जबरदस्त डांस

अब हाल ही उन्होंने एक और डांस वीडियो शेयर किया है, जो चर्चा में है। अंजलि इसमें कभी शॉर्ट स्कर्ट तो कभी कट वाली ड्रेस पहने ठुमके लगा रही हैं। उनकी कातिलाना अदाओं और एक्सप्रेशन की फैंस भी तारीफ कर रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंजलि अरोड़ा का एक डांस वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह नोरा फतेही के गाने ‘आए हाए’ पर पहाड़ों पर डांस करती नजर आ रही हैं। अंजलि के इस डांस वीडियो पर फैंस और यूजर्स के काफी कमेंट आ रहे हैं और लाखों बार देखा जा चुका है। अंजिल अरोड़ा लगातार अपने डांस वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं, जो मिनटों में ही वायरल हो जाते हैं। अब हाल ही उन्होंने एक और डांस वीडियो शेयर किया है, जो चर्चा में है। अंजलि इसमें कभी शॉर्ट स्कर्ट तो कभी कट वाली ड्रेस पहने ठुमके लगा रही हैं। उनकी कातिलाना अदाओं और एक्सप्रेशन की फैंस भी तारीफ कर रहे हैं। अंजलि अरोड़ा ने नोरा फतेही के गाने ‘आए हाए’ पर डांस किया है, जिसे नेहा कक्कड़ और करण औजला ने गाया है। अंजलि के डांस वीडियो को 20 घंटे में 1 लाख 30 हजार से भी ज्यादा बार देखा जा चुका है और यूजर्स के भी काफी कमेंट आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, ‘दिन-ब-दिन निखरता जा रहा है डांस।’ एक यूजर का कमेंट है, ‘मेरे दिल की रानी।’ एक अन्य यूजर ने लिखा है, ‘आए हाए, तेरी प्यारी अदाएं।’ एक और कमेंट है, ‘वाह यार, एकदम कमाल लग रही हो।’



## हॉलीवुड मसाला




# सिडनी के साथ करेंगे अभिनय...

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता और फिल्म निर्माता धनुष कई परियोजनाओं में व्यस्त हैं, जिनमें तेलुगु फिल्म कुबेरा, उनकी तमिल निर्देशित परियोजनाएं नीलावु एनमेल एन्नाडी कोबाम और इडली कड़ाई, हिंदी फिल्म तेरे इश्क में और तमिल फिल्म इलैयाराजा बायोपिक शामिल हैं। वहीं, अब अभिनेता की नई फिल्म के बारे में जानकारी सामने आई है। अब धनुष के प्रशंसकों के लिए एक अच्छी खबर है कि अभिनेता रूसो ब्रदर्स की द ग्रे मैन के साथ अपनी शुरुआत के बाद अपनी दूसरी हॉलीवुड फिल्म में अभिनय करने के लिए तैयार हैं।

# ‘28 डेज लेटर’ फिल्म में किलियन मर्फी का शॉकिंग ट्रांसफॉर्मेशन...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर किलियन मर्फी किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। वो फिल्म के किरदार में पूरी तरह से ढल जाते हैं। फिर चाहे उन्हें कुछ भी करना पड़े। ‘ओपेनहाइमर’ जैसी फिल्म में दमदार एक्टिंग करने के बाद अब वो ‘28 ईयर्स लेटर’ लेकर आ रहे हैं। ट्रेलर में उनकी जरा सी झलक दिखी है, लेकिन झलक इतनी दमदार कि हलचल मच गई है। उनका तगड़ा ट्रांसफॉर्मेशन देखकर फैंस को 440 वॉल्ट का झटका लगा है। वो कंकाल के जैसे दिख रहे हैं। फैंस कह रहे हैं कि वो एक लेजेंड हैं। ट्रेलर देखने के बाद फैंस अपना रिएक्शन भी दे रहे हैं। एक ने लिखा, ‘किलियन मर्फी की एक और उपलब्धि, जिन्होंने केवल थंबनेल के लिए एक जॉम्बी की छोटी भूमिका में आने के लिए खुद को भूखा रखा। क्या लेजेंड हैं।’



# कपूर खानदान ने की पीएम से मुलाकात करीना ने टिम-जेह के लिए मांगा ऑटोग्राफ



**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा जगत के ‘ग्रेट शो मैन’ राज कपूर की 100वीं जयंती का जश्न जबरदस्त होगा। कपूर फैमिली पूरी आन बान शान से उत्सव की तैयारी में जुटी है। परिवार ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी न्योता दिया है। खुशी का इजहार पूरे परिवार ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किया है। 14 दिसंबर को बॉलीवुड के शोमैन राज कपूर की 100 जयंती है। ऐसे में कपूर परिवार इस मौके को खास बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। कपूर फैमिली ने 13 से 15 दिसंबर के बीच आरके फिल्म फेस्टिवल रखा है, जिसके संबंध में कपूर परिवार के सदस्यों ने मंगलवार को पीएम मोदी से मुलाकात की। कपूर परिवार के सदस्यों ने इस फिल्म फेस्टिवल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इनवाइट किया है। इस दौरान पूरा कपूर परिवार साथ नजर आया। सोशल मीडिया पर उनके फोटोज और वीडियोज भी सामने आए हैं। करीना कपूर, करिश्मा कपूर, आलिया और रिद्धिमा ने भी इस मुलाकात की तस्वीरें अपने-अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की हैं। तस्वीरों में उनके साथ नीतू कपूर, रणबीर, सैफ अली खान, अनीषा मल्होत्रा जैन, अरमान जैन भी नजर आ रहे हैं। करीना कपूर ने तो तस्वीरों की सीरीज के साथ वो क्लिप भी शेयर किया जिसमें पीएम मोदी उनके बच्चों टिम और जेह को ऑटोग्राफ दे रहे हैं। तस्वीरों को शेयर करते हुए करीना कपूर ने कैप्शन में लिखा- ‘हमारे दादा, महान राज कपूर के असाधारण जीवन और विरासत को मनाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आमंत्रित किए जाने पर हम बहुत विनम्र और सम्मानित महसूस कर रहे हैं।’

# शार्क टैंक इंडिया 4: दीपिंदर को किया बाहर? नए शार्क विराज बहल ने कहा- मैं खुश हूं!

**नई दिल्ली।** ‘शार्क टैंक इंडिया’ का चौथा सीजन शुरू होने वाला है, लेकिन इस खबर ने दर्शकों को निराश कर दिया है कि दीपिंदर गोयल इसका हिस्सा नहीं होंगे। जोमैटो के सीईओ ने खुलासा किया था कि उन्हें निकाल दिया गया है, लेकिन अब मेकर्स और नए शार्क ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। शार्क टैंक इंडिया साल 2021 में शुरू हुआ था और दर्शकों का पसंदीदा शो बन गया। ये एक हिंदी बिजनेस रियलिटी शो है, जहां उद्यमियों को निवेशकों यानी शार्क के पैनल के सामने अपने बिजनेस आइडिया-कॉन्सेप्ट के बारे में बताने का एक मौका मिलता है। यहां तय किया जाता है कि कंपनी में निवेश करना चाहिए या नहीं। इस शो में शार्क यानी जज पैनल भी चर्चा में रहते हैं। इसका नया सीजन अगले साल शुरू होने वाला है और प्रोमो में सीजन 3 के जज **Deepinder Goyal** (जोमैटो के सीईओ) नजर नहीं आ रहे हैं।




## फ्लैट बेचना है किराये से देना है

शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-

मो. : 9977345867



epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152



## हमारा अशियाना

### रेडी टू मूव प्रॉपर्टी @ बेस्ट प्राइस

रायपुर के सभी प्राइम लोकेशन में

| लोकेशन | प्रॉपर्टी टाइप | ऑफर कीमत (लाख में) से शुरू |
|---|---|---|
| रेजिडेंशियल | | |
| कबीर नगर के पास | 1BK, 1BR, 1BHK & 2BHK | 9.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 200 m | 1BHK | 15.75 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | 2 BHK, 3BHK | 20.00 |
| कमर्शियल | | |
| मोहबा बाजार से 700 m दूर | दुकान | 7.50 |
| खालसा स्कूल, पंडरी के पास | ऑफिस एंड दुकान | 38.00 |
| मंत्रालय से 2 km दूर, नया रायपुर | ऑफिस एंड दुकान | 17.50 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | दुकान | 27.00 |
| शंकर नगर | दुकान | 44.00 |
| राजकुमार कॉलेज के पास | दुकान | 40.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 100 m | दुकान | 62.50 |
| प्लॉट | | |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | कमर्शियल प्लॉट | 27.00 |
| रिंग रोड से लगा हुआ, सिलतरा | कमर्शियल प्लॉट | 29.00 |

avinash a relation for life

संपर्क करें : 90181 81813

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**अर्जेन्ट आवश्यकता है -** रायगढ और रायपुर प्लांट हेतु सिक्युरिटी गार्ड एवं सिक्युरिटी सुपरवाइजर की आवश्यकता है योग्यता : - 10वीं, 12वीं हाइट :- 5.6 इंच सुविधा :- रहना + खाना + PF + ESIC वेतन :- 14500 - 18000 **पता :- 6 फ्लोर, ऑरेंज हाइव मेन रोड मोवा थाना रायपुर सम्पर्क :- 8109070600, 7869230888.** (RO-6437)

**आवश्यकता है-** HIS service हेतु, रायपुर, धमतरी, जगदलपुर एवं सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ केलिए सिक्योरिटी गार्ड -37 सिक्योरिटी सुपरवाइजर -10, एरिया आफिसर -6 गनमेंन - 7, हॉउसकिपिंग बाई वेतनमान - 11000 से 19000 आधार कार्ड, मार्कसीट की छायाप्रति लेकर **सम्पर्क करें- स्थान - कृष्णा प्लाजा, सुन्दरनगर रायपुर** Mob - **8085435101, 7509025000.** (RO-A)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### मैनेजर/टैलीकॉलर

**आवश्यकता है-** दुर्ग-भिलाई ऑफिस पर 1 मैनेजर, 5 टीमलीडर, 30 फील्ड एक्जीक्यूटिव, 5 टेलीकॉलर हेतु लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन 10,000 - 15,000 + कमीशन। योग्यता 8वीं - स्नातक। अनुभव जरूरी नहीं। **सम्पर्क करें - 7000882132.** (RO-6444)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** रेडीमेट कपडे की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लडके एंव लडकियों की आवश्यकता है **संपर्क नंद होजियरी डिपो जयहिन्द होजियरी मार्केट पंडरी रायपुर मों- 9300188811.** (RO-1019)

**आवश्यकता है-** नवयुवक: दुकान काम माल दिखाना एवं माल जमाने हेतु।। सम्पर्क:- समय 10 से 3 बजे मोबाइल 7879311110, ड्यूटी 10 से 8 बजे **संपर्क पता- श्री ट्रेडर्स, इंटीरियर वर्ल्ड, भाटागांव जलगृह मार्ग।** (RO-3153)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**आवश्यकता है-** कार एक्सेसरीज की दुकान में सामान लाने ले जाने के लिए जरूरतमंद लड़को की आवश्यकता है **संपर्क करे भाव्या ट्रेडर्स नवभारत प्रेस के सामने शहीद स्मारक कॉम्प्लेक्स रायपुर मो 8818833330.** (RO-25)

**आवश्यकता है-** पम्प एंव नल फिटिंग पाइप दुकान में काम करने हेतु आवश्यकता, सैलरी 10000-12000, हम्माल की सैलरी15000, **बजाज एंटरप्राइजेस स्टेशन रोड रायपुर 9644433085, 9425843865.** (RO-1020)

**आवश्यकता है-** किराना एवं डेली नीड्स की दुकान में कार्य करने हेतु कर्मचारीयों की वेतन (5) अंकों में अनुभवी को प्राथमिकता। **संपर्क:- सी-मार्केट सेक्टर-6 भिलाई मो.- 98266-84859.** (आरो न.-639)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 18 से 26 वर्ष के अविवाहित युवको की आवश्यकता है सैलरी 10,000/- समय 10.30 से 8.30 **संपर्क करें मोबाइल:- 918448107841, 9302708426.** (RO-3155)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.** (RO-3157)

**आवश्यकता है-** साड़ी शोरूम में काम करने हेतु सेल्समेन, सेल्सगर्ल, अकाउंटेंट, एवं हेल्पर की आवश्यकता है रायपुर लोकल रहने वाले ही **संपर्क करें:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रायपुर** Mob. **9425216364, 9425522576.** (RO-3142)

### सेल्स/मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** ज्वेलरी शॉप में कार्य हेतु स्मार्ट सेल्स गर्ल /ब्वाय, मार्केटिंग के लिए आवश्यकता है, वेतन 10000/- से 15000/- प्लस कमीशन ,**संपर्क- जवाहर चौक दुर्ग** Mo - **7089508250. मिलने का समय सुबह 10 से 12** (आरो न.-1848)

छोटा विज्ञापन

### सफाई कार्य

**आवश्यकता है-** ज्योति ऑप्टिकल आदर्श नगर पोटिया चौक के पास व तहसील ऑफिस रोड सराफा बाजार दुर्ग में साफसफाई हेतु बाई की ,कार्य समय 9:30 से 8:30, **मिले- शाम 4से5 ज्योति ऑप्टिकल तहसील ऑफिस रोड ,सराफा बाजार दुर्ग** (आरो न.-1846)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु लड़को एवं ड्राइवर की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित **सम्पर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 94242-25533.** (RO-440)

### अन्य

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 6294162526. (RO-3128)

**आवश्यकता है-** आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- **8398942532.** (RO-588)

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है **संपर्क करें- 8240426971, 8981475043.** (RO-816)

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है **संपर्क करें- 7450945537.** (RO-751)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-** APS **इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447,** बिलासपुर- **8359913999, 9589288936,** रायगढ़ / अंबिकापुर- **7869755871.** (RO-3106)

### टॉवर

**टॉवर लगवाए-** मान्य कंपनी द्वारा जमीन खेत प्लॉट पर 5g टावर लगवा कमाएं 30 से 60 लाख एडवांस 45000 किराया +नौकरी जमीनी कागज नक्शा ऑफिस लाएं या घर बैठे ऑनलाइन सर्वे पास कराएं **8278191967, 9238843306.** (RO-70)

### Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट **हेल्पलाइन नंबर:- 7988242279, 7988242279.** (RO-3151)

**फाइनेंस -** गणपति फाइनेंस (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस, सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, (महिलाओं के लिए विशेष छूट) **संपर्क:- 9201990930.** (RO-3156)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

### हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी... CLASSIFIED RATE CARD

15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS

Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com

Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

## खबर संक्षेप

### महिंद्रा सस्टेन की अनुषंगी कंपनी को मिला सावधि ऋण



**नई दिल्ली।** महिंद्रा समूह की कंपनी महिंद्रा सस्टेन की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी मार्शल सोलरेन को 1,448 करोड़ रुपये का सावधि ऋण मिला है। इस वित्त पोषण से प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं के साथ दीर्घकालिक विद्युत क्रय समझौतों (पीपीए) के तहत विकसित की जा रही सौर पीवी विद्युत परियोजनाओं को मदद मिलेगी।

### मारुति 8000 समग्र सर्विस टचप्वाइंट स्थापित करेगी




**नई दिल्ली।** मोटर वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया की योजना 2030-31 तक अपने समग्र सेवा नेटवर्क को बढ़ाकर 8,000 'टचप्वाइंट' करने की है। कंपनी ने बुधवार को अपने प्रीमियम रिटेल आउटलेट नेक्सा के लिए 500वां सर्विस 'टचप्वाइंट' खोला। वर्तमान में नेक्सा के साथ-साथ बड़े पैमाने पर खुदरा श्रृंखला एरिना में इसके 5,240 'टचप्वाइंट' हैं।

### जीएम रोबोटैक्सिस से पीछे हटेगा




**डेट्रॉयट।** जनरल मोटर्स (जीएम) ने रोबोटैक्सी कारोबार से पीछे हटने और घाटे में चल रही अपनी क्रूज स्वायत्त इकाई का वित्त पोषण बंद करने की घोषणा की है। मोटर वाहन विनिर्माता इसके बजाय सुपर क्रूज जैसी अपनी आंशिक रूप से स्वचालित इकाई की प्रणालियों के विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी।

# फर्जी मैसेज रोकने टेलीकॉम रेगुलेटरी 'ट्राई' ने लागू किया 'मैसेज ट्रेसिबिलिटी' नियम

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आप जियो, एयरटेल, वीआई या बीएसएनएल के यूजर हैं और फ्रॉड मैसेज से परेशान हैं? तो अब चिंता करने की बात नहीं है। दरअसल, टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी ट्राई ने आज से एक नया नियम लागू किया। ट्राई ने हाल ही में 'मैसेज ट्रेसिबिलिटी' नियम लाने का एलान किया था, जो 11 दिसंबर से लागू हो गया।

पहले कहा गया था कि ये नियम 1 दिसंबर, 2024 से लागू होगा। लेकिन ट्राई ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसकी डेडलाइन बढ़ा दी गई है। यह नियम खासतौर पर फर्जी और अनऑथराइज्ड मैसेज को रोकने के लिए बनाया गया है।

## फेक लिंक या धोखाधड़ी वाले मैसेज को ट्रैक कर उसे ब्लॉक करना आसान होगा

### पहले क्यों टली डेडलाइन?

ये नियम 1 दिसंबर 2024 से लागू होना था लेकिन तैयारियों की कमी के चलते इसे 11 दिसंबर तक के लिए टाला गया। ट्राई ने टेलीमार्केटर्स और इंस्टीट्यूशन्स को निर्देश दिए हैं कि वे जल्द से जल्द अपनी नंबर सीरीज को अपडेट करें।




### कैसे काम करेगा ये नया नियम?

दरअसल, नया नियम लागू होने के बाद बिना वैध सीरीज वाले मैसेज ऑटोमैटिक रिजेक्ट कर दिए जाएंगे। बैंक, कंपनियां या अन्य टेलीमार्केटर्स बनकर भेजे गए फर्जी मैसेज पर नकेल कसेगी और स्पैम कॉल्स और धोखाधड़ी वाले मैसेज के जरिए की जाने वाली ठगी को कम करने की कोशिश की जाएगी।
साइबर ठगी के लिए होता है फेक लिंक्स का इस्तेमाल
साइबर ठग अक्सर ठगी के लिए फेक लिंक्स का इस्तेमाल करते हैं। वे खुद को बैंक का अधिकारी बताते हैं और पर्सनल डिटेल्स चुराने की कोशिश करते हैं।

### क्या है ये नया नियम?

ट्राई ने कहा है कि 11 दिसंबर, 2024 से किसी भी इस तरह के मैसेज को एक्सेप्ट नहीं किया जाएगा, जिसमें टेलीमार्केटर्स द्वारा निर्धारित नंबर सीरीज का इस्तेमाल नहीं किया गया होगा। इस बदलाव के बाद से मैसेज की ट्रेसबिलिटी अच्छी होगी और फेक लिंक या धोखाधड़ी वाले मैसेज को ट्रैक कर उसे ब्लॉक करना आसान होगा।

## सौदा लगभग 10 हजार करोड़ रुपए में होने की खबर, अधिकृत रूप से सौदे का खुलासा नहीं

# कोका-कोला ने बॉटलिंग इकाई में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी जुबिलेंट भरतिया समूह को बेची

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दिग्गज शीतल पेय कंपनी कोका-कोला ने भारत में अपने बॉटलिंग कारोबार हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड (एचसीसीबीएल) में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी जुबिलेंट भरतिया समूह को बेच दी है। हालांकि, कंपनी ने इस सौदे से जुड़ी राशि का खुलासा नहीं किया है लेकिन कुछ रिपोर्टों में इसके लगभग 10,000 करोड़ रुपये होने की बात कही गई है। दोनों कंपनियों की तरफ से जारी एक संयुक्त बयान में इस हिस्सेदारी बिक्री की जानकारी दी गई। भरतिया परिवार के स्वामित्व वाले समूह ने बयान में कहा, "उन्होंने एक रणनीतिक निवेश के लिए एक निश्चित समझौता किया है जिसके तहत जुबिलेंट भरतिया समूह अपनी इकाई जुबिलेंट बेवरेजेस लिमिटेड के माध्यम से हिंदुस्तान कोका-कोला होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडिया (एचसीसीएच) में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी।

## जुबिलेंट वैश्विक उपस्थिति वाला कई अरब डॉलर वाला समूह

### कंपनी दुनिया को नया रूप दे रही

एचसीसीएच भारत में सबसे बड़ी कोका-कोला बॉटलर एचसीसीबीएल की मूल कंपनी है।" जुबिलेंट भरतिया समूह विविध क्षेत्रों में वैश्विक उपस्थिति वाला कई अरब डॉलर वाला समूह है। वहीं एचसीसीबीएल भारत में कोका-कोला की सबसे बड़ी बॉटलिंग इकाई है। बयान के मुताबिक, ये परिवर्तन और निवेश कोका-कोला के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं, क्योंकि कंपनी दुनिया को नया रूप देने और बदलाव लाने के अपने उद्देश्य को आगे बढ़ा रही है।




### कोका-कोला को गति मिलेगी

कोका-कोला इंडिया के अध्यक्ष संकेत रे ने कहा, "हम भारत में कोका-कोला की प्रणाली में जुबिलेंट भरतिया समूह का स्वागत करते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में अपने विविध अनुभव के साथ जुबिलेंट दशकों का समृद्ध अनुभव लेकर आया है जिससे कोका-कोला को गति मिलेगी।"

### आमदनी 4713.38 करोड़ रुपए

कोका-कोला भारतीय बाजार में दो इकाइयों- कोका-कोला इंडिया और इसकी बॉटलिंग इकाई हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से काम करती है। ब्रांडिंग और अन्य कारोबार संभालने वाली कोका-कोला इंडिया की एकीकृत आमदनी पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 4,713.38 करोड़ रुपये रही थी।

### एचसीसीबीएल 60 उत्पादों का निर्माण करती है

इस दौरान इसका लाभ 41.82 प्रतिशत घटकर 420.29 करोड़ रुपये रहा था।
पिछले वित्त वर्ष में एचसीसीबीएल की आमदनी 10.10 प्रतिशत बढ़कर 14,021.54 करोड़ रुपये हो गई और शुद्ध लाभ तीन गुना होकर 2,808.31 करोड़ रुपये रहा।
एचसीसीबीएल सात श्रेणियों में 60 विभिन्न उत्पादों का निर्माण और बिक्री करती है।

### जुबिलेंट के छह देशों में 3130 स्टोर शामिल

कोका-कोला समूह के उत्पादों में कोका-कोला, थम्स-अप, स्प्राइट, मिनट मेड, माजा, स्मार्टवाटर, किन्ले, लिम्का, फैंटा और अन्य हैं। जुबिलेंट भरतिया समूह के नेटवर्क में छह बाजारों- भारत, तुर्किये, बांग्लादेश, श्रीलंका, अजरबैजान और जॉर्जिया में 3,130 स्टोर शामिल हैं।


### भारत कोका-कोला का पांचवां सबसे बड़ा बाजार

भारत वैश्विक स्तर पर कोका-कोला का पांचवां सबसे बड़ा बाजार है। अटलांटा मुख्यालय वाली यह कंपनी अपनी परिसंपत्तियों में कमी लाने की रणनीति के तहत वैश्विक स्तर पर बॉटलिंग परिचालन की बिक्री कर रही है। भारत में कंपनी ने प्रमुख बाजारों - राजस्थान, बिहार, पूर्वोत्तर और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में अपने बॉटलिंग परिचालन की फ्रेंचाइजी अपने मौजूदा बॉटलिंग कंपनियों को दे दी है।

# लैपटॉप, टैबलेट आयात के लिए नए सिरे से मंजूरी होगी लेनी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

लैपटॉप और टैबलेट सहित कुछ आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयातकों को अगले साल के लिए नए सिरे से पूर्व-मंजूरी लेनी होगी जिसके लिए 13 दिसंबर से आवेदन किए जा सकेंगे। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की एक सार्वजनिक सूचना के मुताबिक, आयात प्रबंधन प्रणाली (आईएमएस) के तहत इन वस्तुओं के आयात के लिए जारी की गई कोई भी मंजूरी 31 दिसंबर, 2025 तक वैध होगी।



अगले साल इन उत्पादों का आयात करने के लिए आयातकों को सरकार से नए सिरे से मंजूरी लेनी होगी। इसके लिए उन्हें कई आवेदन जमा करने की अनुमति है।
डीजीएफटी ने 'कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए प्रतिबंधित आईटी हार्डवेयर के आयात के लिए' आयात प्रबंधन प्रणाली को अधिसूचित किया है।

इसके पहले सितंबर में सरकार ने लैपटॉप और टैबलेट समेत कुछ आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात की स्वीकृति प्रणाली को 31 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दिया था। वित्त वर्ष 2023-24 में इन उत्पादों का आयात 8.4 अरब डॉलर रहा था, जबकि उन्हें पूर्व-अनुमति लगभग 9.5 अरब डॉलर आयात की थी।

### अधिकांश आयात चीन से आ रहा था

इनमें से अधिकांश आयात चीन से आ रहा था।
सरकार ने पिछले साल तीन अगस्त को लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर, अल्ट्रा-स्मॉल फॉर्म फैक्टर कंप्यूटर और सर्वर पर आयात प्रतिबंध लगा दिया था।
हालांकि, उद्योग की चिंताओं के बाद पिछले साल अक्टूबर में इन उत्पादों के आयात के लिए आयात प्रबंधन एवं पूर्व-मंजूरी की व्यवस्था शुरू की गई थी।

# निवेशकों के सतर्क रुख से बाजार में हल्की बढ़त

## निवेशक बाजार में सतर्क रुख बनाए हुए

एजेंसी ▸▸| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार निवेशकों के सतर्क रुख की वजह से बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में हल्की बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 16 अंक की बढ़त रही जबकि निफ्टी करीब 32 अंक चढ़ गया।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 16.09 अंक यानी 0.02 प्रतिशत बढ़कर 81,526.14 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 17 कंपनियों के शेयर गिरावट पर रहे। निफ्टी तीन दिन की गिरावट से उबरते हुए 31.75 अंक यानी 0.13 प्रतिशत बढ़कर 24,641.80 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय बाजार में हल्की हलचल



देखने को मिली। यह अमेरिका में खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने से पहले वैश्विक बाजारों की मिली-जुली धारणा को दर्शाती है। दरअसल, ये आंकड़े फेडरल रिजर्व के नीतिगत रुख को प्रभावित कर सकते हैं।''

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त के साथ बंद हुए जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में गिरावट रही। यूरोप के बाजारों में मिले-जुले रुख के साथ कारोबार हो रहा था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुए थे।

### इन शेयरों में लाभ दर्ज

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस, नेस्ले इंडिया, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस, मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल और हिंदुस्तान यूनिलीवर में बढ़त दर्ज की गई।

### इन शेयरों में रही गिरावट

दूसरी तरफ जेएसडब्ल्यू स्टील, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, टाइटन और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट रही।

### ट्रांसरेल लाइटिंग का आईपीओ 19 दिसंबर को खुलेगा


**नई दिल्ली।** ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड 19 दिसंबर को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी आईपीओ के तहत 400 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी। साथ ही इसमें प्रवर्तक अजन्मा होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 1.01 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश भी लाई जाएगी। आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, अजन्मा होल्डिंग्स के पास मुंबई स्थित कंपनी में 83.22 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# एडीबी ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाया

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने निजी निवेश तथा आवास मांग में उम्मीद से कम वृद्धि के कारण चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान सात प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है। एडीबी ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को भी 7.2 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया है।

एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) की बुधवार को जारी




रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी व्यापार, राजकोषीय तथा आव्रजन नीतियों में बदलाव से विकासशील एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र में वृद्धि प्रभावित हो सकती है और महंगाई बढ़ सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं के 2024 में 4.9 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो एडीबी द्वारा सितंबर में लगाए गए पांच प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा कम है। एडीबी ने कहा, ''निजी निवेश और आवास मांग में उम्मीद से कम वृद्धि से भारत की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। पहले भारतीय अर्थव्यवस्था के सात प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान था।''एडीबी ने अगले वित्त वर्ष के लिए भी वृद्धि दर के अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया गया है।

HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान

# सोना फिर 80,000 के पार, चांदी में लगातार तीसरे दिन उछाल

**सोना 620 रुपए बढ़कर 80,400 रुपए प्रति 10 ग्राम**
**चांदी 1450 रुपए उछलकर 96,300 रुपए प्रति किग्रा**

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक रुख के बीच आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की लिवाली बढ़ने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोना एक बार फिर से 80,000 रुपये के स्तर को लांघ गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 620 रुपये उछलकर करीब तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। मंगलवार को यह 79,780 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रखते हुए चांदी 1,450 रुपये उछलकर एक महीने के उच्चतम स्तर 96,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

मंगलवार को चांदी 94,850 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार को 620 रुपये उछलकर 80,000 रुपये प्रति 10



ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 79,380 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने स्थानीय बाजारों में आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती मांग को इस तेजी का श्रेय दिया। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक-जिंस और मुद्रा जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''कॉमेक्स की कीमतें एक बार फिर 2,700 डॉलर के स्तर पर पहुंच गईं। जिससे सोने में मामूली बढ़त दर्ज की गई। एक सप्ताह पहले 2,600 डॉलर के समर्थन स्तर से इसमें जोरदार सुधार हुआ।''

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, रायतालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीघ्र पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130




# कभी उजाड़ दी थी रावण की लंका, अब गांवों को कर दिया तबाह, लंगूर के हमले से यहां हुई मौत

एजेंसी ▶▶| गया

गया जिले में लंगूर का आतंक देखने को मिल रहा है। जिले के टनकुप्पा प्रखंड क्षेत्र के जगन्नाथपुर, श्रीरामपुर, करियादपुर, परवलपुर आदि गांव में पिछले दो महीने से लंगूर का आतंक जारी है। लगभग आधे दर्जन गांवों के दो दर्जन से भी अधिक लोगों को लंगूर ने अपना निशाना बनाया है। इसमें एक व्यक्ति की मौत भी हो गई है। लंगूरों के आतंक से क्षेत्र के ग्रामीण डर के साये में जी रहे हैं। लंगूर का झुंड अचानक से गांवों में आकर लोगों को अपना निशाना बनाती है। लंगूरों ने ज्यादातर लोगों के पैरों को निशाना बनाया है और बुरी तरह जख्मी कर दिया है। कई जख्मी लोगों का इलाज फतेहपुर सीएचसी में जारी है जबकि कुछ लोग घर पर ही इलाज करा रहे हैं।

## वन विभाग पर लापरवाही का आरोप

लंगूर के आतंक की सूचना पर वन विभाग की टीम ने यहां पहुंचकर एक लंगूर को पकडा है। लेकिन, ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों कि माने तो वन विभाग की टीम यहां अभी तक 1-2 दिन ही आई है और केवल दो-चार घंटे रहकर चले जाते है। लंगूर को पकड़ने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं हो रहा है। बता दें कि जिले के इस क्षेत्र में पिछले 3 महीने से लंगूर का आतंक देखने को मिल रहा है। लंगूर के निशाने पर श्रीरामपुर गांव के प्रकाश मिस्त्री जिनकी मौत हो चुकी है, करम यादव, बाढ़ो यादव, ललिता देवी, मुकेश यादव, पूनम कुमारी, राजेश कुमार और इनके डेढ़ साल के बच्चे को भी निशाना बनाया है।



## लगातार कैंप करे वन विभाग की टीम

ग्रामीणों की मांग है कि वन विभाग की टीम यहां लगातार कैंप करे और ग्रामीणों को लंगूर के आतंक से मुक्ति दिलाए। हम लोग पिछले कई महीने से परेशान है। जिसे भी लंगूर ने काटा है उसका पैर फूल गया है। उसका जहर तेजी से शरीर में फैल रहा है और इससे शरीर का मांस गलने लगता है। लंगूर के काटने से ही गांव के एक व्यक्ति की मौत भी हो गई है। इलाज के लिए हम लोगों को फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है।

## लोगों के पैरों को बना रहा निशाना

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 3-4 साल से गांव में लंगूर रह रहे थे, लेकिन कभी किसी को नुकसान नही पहुंचाया। बीते दो-तीन महीने से दर्जनों लोगो को जख्मी कर चुका है। इससे हम गांव वाले काफी डरे सहमे हैं। अकेले आने-जाने वाले लोगों को लंगूर निशाना बना रहे हैं। अचानक से लंगूर आता है और पैरों को नोचकर पेड़ पर चढ़ जाता है। लंगूर के निशाने पर आई एक महिला ललिता देवी बताती है कि वह जब घर के बाहर खड़ी थी तभी लंगूर आया और पैर काटकर भाग गया। इसी तरह लंगूर के निशाने पर आई अन्य महिलाओ ने भी अपनी आपबीती सुनाई।

न कार जाती है और न ही बोट

# ये है दुनिया का सबसे खतरनाक होटल!

एजेंसी ▶▶| लंदन



अधिकतर लोगों को होटल और रेस्टोरेंट में नाश्ता या खाना खाना पसंद होता है। कई बार लोग घर के खाने की बजाय होटल के स्वादिष्ट खाने का आनंद लेना चाहते हैं। लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि कोई होटल खतरनाक भी हो सकता है? ऐसा ही एक होटल है जिसे दुनिया का सबसे खतरनाक होटल कहा जाता है।

## होटल का इतिहास और आधुनिक रूप

2010 में रिचर्ड नील ने इस टावर को कोस्ट गार्ड लाइट स्टेशन से होटल में बदल दिया। तब से यह जगह एडवेंचर प्रेमियों के बीच काफी मशहूर हो गई है। यहां एक वॉटरफ़ॉइल कैमरा सेटअप और हेलीपैड भी मौजूद है, जो लाइव फुटेज दिखाने का काम करता है।

## एडवेंचर और गतिविधियों की भरमार

यहां रहकर आप समुद्र का बेहद नजदीक से नजारा देख सकते हैं और कई रोमांचक गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं। हेलीकॉप्टर हेलीपैड पर उतरने के बाद आप स्नॉर्कलिंग, मछली पकड़ने और पर्यावरण-अनुकूल गोल्फ जैसे रोमांचक खेलों का हिस्सा बन सकते हैं। हर गतिविधि आपको एक नया अनुभव देती है।

## समुद्र के किनारे रोमांचक अनुभव

समुद्र के किनारे होटल में रुकना और रेस्टोरेंट में खाना खाना बहुतों के लिए एक सपना होता है। लेकिन, अगर आप समुद्र तट पर रोमांचक अनुभव की तलाश में हैं, तो फ्राइंग पैन टॉवर आपके लिए सही जगह है। यह होटल उत्तरी कैरोलिना के तट से 34 मील दूर स्थित है और प्रकृति के बेहद करीब है। यहां आपको शार्क जैसे खतरनाक जीवों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिर्फ हेलीकॉप्टर से पहुंच सकते हैं होटल :** फ्राइंग पैन टॉवर तक पहुंचने के लिए कोई सड़क या नाव की सुविधा नहीं है। यहां सिर्फ हेलीकॉप्टर के जरिए ही पहुंचा जा सकता है। यह होटल पहले तटरक्षक लाइट स्टेशन के रूप में कार्य करता था, लेकिन अब इसे एडवेंचर प्रेमियों के लिए एक खास होटल में बदल दिया गया है।

## संरक्षण परियोजना का हिस्सा

फ्राइंग पैन टॉवर सिर्फ एक होटल नहीं है, यह एक संरक्षण परियोजना का हिस्सा भी है। यहां रुकने वाले लोग न सिर्फ मौज-मस्ती करते हैं, बल्कि इस अद्भुत जगह के संरक्षण में अपना योगदान भी दे सकते हैं। यह जगह रोमांच प्रेमियों के लिए एक सपना है, लेकिन साथ ही यह खतरे को गले लगाने वालों के लिए भी है।




विचित्र समस्या

बेचारे लड़के अब क्या करें!


# इस गांव के लड़कों से शादी ही नहीं कर रही लड़कियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हम 21वीं सदी में जी रहे हैं, जहां तकनीक और विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। लेकिन, भारत जैसे विकासशील देश में कई गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। इसका जीता-जागता उदाहरण गुजरात के वडोदरा जिले के नंदेसरी औद्योगिक क्षेत्र के पास स्थित अंगारा गांव है।

## शादी करने को तैयार नहीं लड़कियां

इस गांव में एक विचित्र समस्या ने जन्म लिया है। यहां की युवा महिलाएं गांव के लड़कों से शादी करने को तैयार नहीं हैं। कारण जानकर आप हैरान रह जाएंगे। इस गांव में पानी की गंभीर समस्या है। यहां के लोग पीने के लिए स्वच्छ पानी से वंचित हैं, और भूजल इतना प्रदूषित है कि बोरवेल से लाल रंग का पानी निकलता है।





## युवाओं का पलायन

पानी की इस गंभीर समस्या ने यहां के युवाओं को मजबूर कर दिया है कि वे गांव छोड़कर अन्य जगहों पर बसने का प्रयास करें। गांव के लड़कों से शादी के लिए कोई लड़की तैयार नहीं है, और यह समस्या पूरे गांव के लिए सामाजिक और आर्थिक संकट बन गई है।

## प्रदूषण का जिम्मेदार कौन?

नंदेसरी औद्योगिक क्षेत्र में दशकों पहले कुछ गैर-जिम्मेदार कंपनियों ने अपने कचरे और प्रदूषित पानी को बिना उपचार के जमीन में बहा दिया. इसका असर इतना गहरा हुआ कि 10 किलोमीटर के दायरे में मौजूद गांवों के सभी जलस्रोत – बोरवेल, कुएं, और झीलें – प्रदूषित हो गईं। आज इस क्षेत्र में जहां भी बोरवेल खोदा जाता है, वहां लाल रंग का पानी निकलता है।

## लाल पानी ने बिगाड़ा जीवन

गांव के भूजल का प्रदूषण ऐसा है कि स्थानीय लोग पीने के पानी के लिए टैंकरों पर निर्भर हैं। साफ पानी के अभाव में न केवल जीवन मुश्किल हो गया है, बल्कि यहां की खेती भी प्रभावित हो रही है। लाल पानी की समस्या ने खेती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बुरी तरह झकझोर दिया है।

## स्थानीय मांग

गांव के लोग इस जलसंकट से बेहद परेशान हैं। वे चाहते हैं कि सरकार और संबंधित अधिकारी इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करें। साथ ही भूजल स्तर को सुधारने और पानी को स्वच्छ बनाने के प्रयास किए जाएं। केवल तभी गांव के लोग सामान्य जीवन जी सकेंगे और यहां के युवा अपना भविष्य संवार सकेंगे।

# अनोखी दौड़, जिसमें जीतने पर ट्रॉफी या मेडल नहीं, मिलते हैं गाय, मुर्गे, मछली और बत्तख!



**बीजिंग।** दुनिया बहुत बड़ी है और यहां पर आपको एक से बढ़कर एक दिलचस्प चीज़ें देखने और सुनने को मिल जाएंगी। कुछ तो ऐसी होती हैं, जो हमारी कल्पना से काफी अलग होती हैं। एक ऐसी ही दिलचस्प मैराथन के बारे में हम आपको आज बताएंगे, जिसे सुनकर आप हंस पड़ेंगे, लेकिन ये बिल्कुल सच है। आपने लोगों को मैराथन दौड़ते हुए देखा होगा, जिसे वे अपनी फिटनेस जर्नी का हिस्सा मानते हैं।

आमतौर पर दौड़ में जीने के बाद लोगों को इनाम के तौर पर कुछ ऐसा दिया जाता है, जिसे वे यादगार के तौर पर रखते हैं। हालांकि, पड़ोसी देश चीन में इससे अलग इनाम में कुछ ऐसा ऑफर किया जा रहा है, जो सुनकर आपको अजीब लगेगा. चलिए जानते हैं इस मज़ेदार मैराथन रेस के बारे में।

## मैराथन के इनाम में मिलते हैं जानवर

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक चीन में जो हाफ मैराथन आयोजित होती हैं, उनमें कुछ दिलचस्प इनाम दिए जाते हैं। आमतौर पर आप लोगों को मैराथन पूरा करने पर मेडल, सर्टिफिकेट या फिर ट्रॉफी लेते हुए देखते होंगे, लेकिन यहां के प्राइज़ कुछ अलग ही हैं। चीन के जिलिन प्रांत की नॉन्ग काउंटी में दो तरह की दौड़ का आयोजन हुआ। इनमें से एक हाफ मैराथन थी तो दूसरी 5 किलोमीट की हेल्थ रन। इस रन के 50 फिनिशर्स को कैश और दूसरे इनाम मिलने वाले थे। जो इस दौड़ का चैंपियन था, उसे एक गाय इनाम में मिली जबकि रनर अप्स को जंगली मछली दी गई।

# 20 सालों से साथ में दुनिया घूम रहे हैं ये दोस्त, राज़ रखते हैं डेस्टिनेशन, ट्रिप पर लाखों कर चुके खर्च!

**लंदन।** आपने दिल चाहता है या फिर जिंदगी न मिलेगी दोबारा, फिल्में तो जरूर देखी होंगी। उन्हें देखकर आपका भी मन हुआ होगा कि आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाएं। पर ऐसा कर पाना हर किसी के लिए मुमकिन नहीं होता है। लोग अपनी रोजमर्रा की लाइफ में इतना बिजी होते हैं कि ट्रिप पर नहीं जा पाते। हालांकि, इंग्लैंड के 7 दोस्तों का एक ऐसा भी ग्रुप है, जो हर साल एक-दूसरे के लिए वक्त निकाल लेता है और 20 सालों से साथ घूमने भी जा रहा है। पर वो इस ट्रिप के बारे में एक- दूसरे से राज रखते हैं, सिर्फ तभी बताते हैं जब वो एयरपोर्ट पहुंच जाते हैं।

एक वेबसाइट के अनुसार 40 साल के थॉमस वेमैन और उनके 6 दोस्त, ल्यूक, एलेक्स, मैथ्यू, क्रिस, मार्टिन, और माइक, स्कूल के वक्त एक-दूसरे के दोस्त हैं। 20 सालों से ये दोस्त एक- दूसरे के साथ कहीं-कहीं घूमने जाते हैं। हर साल एक दोस्त की जिम्मेदारी होती है कि वो तय करे कि वो लोग उस साल कहां घूमने जाएंगे। फिर वही दोस्त सारी बुकिंग इत्यादि करवाता है। पर वो बाकी दोस्तों से इस बारे में कुछ नहीं बताता।



## यूनिवर्सिटी के समय से हैं दोस्त

जब ये दोस्त यूनिवर्सिटी में पहुंचे, तब उन्होंने पहली बार कॉर्नवॉल की ट्रिप की. उसके बाद 20 साल हो गए और एक भी साल उन्होंने ट्रिप पर जाना मिस नहीं किया। नॉर्विच से लेकर बार्सिलोना तक और प्राग से लेकर बर्लिन तक ये दोस्त कई शहरों की यात्रा कर चुके हैं। अपनी इन यात्राओं पर दोस्तों ने 30 हजार पाउंड (32 लाख रुपए से ज्यादा) खर्च कर दिए हैं। इसके बावजूद दोस्तों ने इस सिलसिले को बंद करने के बारे में नहीं सोचा है, बल्कि वो इसे आगे भी जारी रखेंगे।

## 27 हजार रुपए से ज्यादा नहीं करते खर्च

दोस्तों ने प्लान किया है कि उनका खर्च कभी भी 250 पाउंड (27 हजार रुपए) प्रत्येक व्यक्ति से ज्यादा नहीं आएगा। महामारी के दौर में भी उन्होंने अपनी ट्रिप को बंद नहीं किया था। अगले साल दोस्तों की ट्रिप की 20वीं सालगिरह है। इस मौके पर एक दोस्त को सारी बुकिंग और प्लानिंग करनी पड़ेगी।

ये दोस्त इतने पुराने वक्त से दोस्त बन चुके हैं कि वो अब एक-दूसरे को बच्चों को गॉडपैरेंट बन गए हैं और एक-दूसरे की शादियों में बेस्ट मैन का किरदार भी निभा चुके हैं।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com